# प्रश्न बैंक

सत्र - 2022-23

## विषय—पर्यावरण

## कक्षा — पांचवीं



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

## प्रकाशन वर्ष 2022–23

**संरक्षक**

राजेश सिंह राणा 'IAS'

संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, SCERT,

डॉ.निशी भाम्बरी संयुक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, प्राध्यापक

श्रीमती कौशिल्या खुटे, श्रीमती लीना नेमपांडे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

श्री के.के.शुक्ला

**लेखन**

अंकिता तिवारी, चचंल शुक्ला, तसकीन खान

**टंकण**

समृद्धि

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़

शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

वर्तमान में शालाओं में आकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाने तथा शिक्षकों और छात्रों में विषयों की समझ को अधिक विकसित करने से लिए अच्छे प्रश्नों का निर्माण होना आवश्यक है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए SCERT द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है। प्रश्न बैंक के माध्यम से शिक्षण अधिगम संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। शिक्षक इसका उपयोग पढ़ाने, परीक्षा लेने तथा छात्र स्वआकलन के लिए कर सकते है।

बच्चों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। इसी आधार पर कक्षा 1 से 8 के लिए कक्षावार विषयवार प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया। निर्मित **’प्रश्न बैंक’** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं, प्रश्नों को वस्तुनिष्ठ, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय क्रम में रखा गया।

सृजित **’प्रश्न बैंक’** में समाहित प्रश्न ज्ञानात्मक, समझ, अनुप्रयोग, विशलेषण आधारित है एवं विद्यार्थियों के स्तरानुरूप हैं। यह **’प्रश्न बैंक’** अध्ययन अध्यापन में अन्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों के अपेक्षित कौशलों के विकास को जांचा-परखा जा सकेगा और पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को समझने के सरलता होगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **’प्रश्न बैंक’** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय-वस्तु की समझ विकसित होगी। शिक्षकों को यह ’प्रश्न बैंक’ विषयवस्तु को सरल एवं विकसित करने में उनकी मदद करेगा।

यह **’प्रश्न बैंक’** शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है शिक्षकों से आग्रह है कि ’प्रश्न बैंक’ का अध्ययन कर इनकी उपयोगिता सुनिश्चित करें।

**संचालक**

**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर**

# विषय सूची


| क्रं | अध्याय | पृष्ठ क्रमांक |
| --- | --- | --- |
| 1. | चलो सर्वे करें | 1-7 |
| 2. | दिशा, पैमाना तथा नक्शा | 7-13 |
| 3. | जड़ एवं पत्ती | 14-18 |
| 4. | राष्ट्रीय प्रतीक | 19-23 |
| 5. | मच्छर और मलेरिया | 24-27 |
| 6. | नक्शा बोलता है | 28-32 |
| 7. | साँप | 33-36 |
| 8. | बैंक | 37-41 |
| 9. | महानदी की आत्मकथा | 42-45 |
| 10. | लोहा कैसे बनता है | 46-49 |
| 11. | छत्तीसगढ़ के जंगल | 50-53 |
| 12. | दर्पण के खेल | 54-57 |
| 13. | चमड़ी | 58-62 |
| 14. | घर्षण | 63-66 |
| 15. | चींटी | 67-70 |
| 16. | जंतुओं का भोजन | 71-74 |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | हड्डियाँ | 75-78 |
| 18. | हटरी | 79-82 |
| 19. | दिव्यांगता अभिशाप नहीं | 83-86 |
| 20. | सौर ऊर्जा | 87-90 |
| 21. | तालागांव | 91-93 |
| 22. | परिवहन | 94-97 |
| 23. | गोवा की सैर | 98-100 |
| 24. | लुई पाश्चर | 101-104 |
| 25. | बीजों का सफ़रनामा | 105-108 |
| 26. | मिट्टी और पत्थर | 109-112 |
| 27. | छत्तीसगढ़ का सपूत | 113-115 |
| 28. | पंजाब | 116-119 |
| 29. | छत्तीसगढ़ के लोक शिल्प | 120-124 |
| 30. | कंप्यूटर के कमाल | 125-128 |
| 31. | आपदा प्रबंधन | 129-132 |
| 32. | राजू की कहानी | 133-134 |

----0 0 0 0----

**अध्याय – 1**

**चलो सर्वे करें**

(अंक (1) Los 509)

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखो :-**

1- टेली चिन्ह में 11 कैसे लिखेंगे ?

1. II

2. XI

3. IIII IIII I

4. IIIII IIIII I

उत्तर - 3. IIII IIII I

2- किसी बार चित्र को बनाने में निम्न लिखित में से किसका उपयोग किया जाता है?

1. एक आड़ा x व एक खड़ा y अक्ष

2. एक आड़ा y व एक खड़ा x अक्ष

3. दो x अक्ष और एक y अक्ष

4. दो y अक्ष और एक x अक्ष

उत्तर - 1. एक आड़ा x व एक खड़ा y अक्ष

3- सर्वे करना किसे कहते है ?

1. समस्या सुलझाने के लिए जानकारी एकत्रित करना

2. लड़ाई – झगड़े सुलझाना

3. लोगों की ज़रुरतो को पूरा करना

4. विवादों पर फैसला करना


उत्तर - 1. समस्या सुलझाने के लिए जानकारी एकत्रित करना ।

4- वृत्त चित्र किसके बराबर होता है ?

1. 50%  2. 80%  3. 100%  4. 150%

उत्तर - 3. 100%

5. बार चित्र के अनुसार वर्ष 2016 में मिट्टी के तेल का उपयोग कितने घरो में हुआ?




वर्ष 2016 में ईंधन के उपयोग का बार चित्र

1. 20 2. 15 3. 60 4. 30

उत्तर - 4. 30

(अंक (2) Los - 509)

**प्रश्न 2. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : -**


प्रश्न 1- आपके गाँव में और क्या – क्या का सर्वे होता है ?

उत्तर - हमारे गाँव में स्वास्थ्य सम्बंधी सर्वे, शिक्षा सम्बंधी सर्वे, जनगणना सर्वे आदि किया जाता है।

प्रश्न 2- तुम्हारे गाँव में महिला, पुरुष और बच्चे कितने है, ये जानने के लिए तुम क्या करोगे?

उत्तर - हमारे गाँव में महिला, पुरुष व बच्चे कितने है यह पता लगाने के लिए हम सर्वे करेंगे।

प्रश्न 3- ग्राफ में दिए गये आकड़ो के अनुसार बच्चों की रूचि किस क्षेत्र में सबसे ज्यादा व किस क्षेत्र में सबसे कम है?




उत्तर - दिये गये आंकडे के आधार पर सबसे ज्यादा रूचि गीत गाने में तथा सबसे कम रूचि बागवानी करने में है ।

प्रश्न 4- सर्वे के माध्यम से हम किस प्रकार की जानकारी प्राप्त करते है ?

उत्तर - सर्वे के माध्यम से हम महिला, पुरुष व बच्चो की संख्या, मुखिया का व्यवसाय, नवजात शिशु की संख्या आदि का पता लगा सकते है।

( अंक 03 LOS – 509 )

**प्रश्न 3- निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिये : -**

प्रश्न 1- सर्वे से प्राप्त आंकड़ो को हम बार ग्राफ के आलावा और किस विधि से प्रस्तुत कर सकते है ?

उत्तर - सर्वे से प्राप्त आंकड़ो को हम बार ग्राफ के आलावा पाई चित्र विधि से प्रस्तुत कर सकते है।

प्रश्न 2- टेली चिन्ह किसे कहते है उदाहरण देकर लिखो ?

उत्तर - एक के लिए " । " व चार के लिए " IIII " व पाँच के लिए " ~~IIII~~ " निशान होते है। एस तरह के निशान को टेली चिन्ह कहते है।

उदाहरण => 13 के लिए टेली चिन्ह होगा : -

( ~~IIII~~ ~~IIII~~ III )

**प्रश्न 4. तालिका को देखो और बताओ : -**

| क्रमांक | मुखिया का नाम | मुखिया का व्यवसाय | कुल सदस्यों कि संख्या | मकान क्च्चा है या पक्का |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज यादव | पशुपालन | 6 | पक्का |
| 2. | आमिर हसन | मजदूरी | 10 | कच्चा |
| 3. | भैय्यालाल | शिक्षक | 5 | पक्का |

प्रश्न 1. सबसे ज्यादा सदस्यों की संख्या किस परिवार में है ?

उत्तर - सबसे ज्यादा सदस्यों की संख्या आमिर हसन के परिवार में है।

प्रश्न 2. कच्चे मकान की संख्या व पक्के मकान की संख्या कितनी है?

उत्तर - कच्चे मकान की संख्या एक व पक्के मकान की संख्या दो है।

प्रश्न 3. तालिका देखकर बताओ कि तुम्हारे मोहल्ले में लोगों का व्यवसाय क्या – क्या है?

उत्तर - हमारे मोहल्ले में सबसे ज्यादा लोगों का व्यवसाय मजदूरी है।

प्रश्न 4. सर्वे करते समय ध्यान रखने योग्य बातें क्या – क्या है ?

उत्तर - सर्वे के दौरान निम्नलिखित बातों का ध्यान रखा जाता है : --

1. उस परिवार के मुखिया की आय का साधन क्या है?
2. उस परिवार में सदस्यों की संख्या कितनी है?
3. वह परिवार किस स्तर पर जीवन – यापन कर रहा है?

( अंक 05 LOS – 509 )

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये : -**

प्रश्न 1. किसी परिवार में सर्वे के द्वारा किन बातो का पता लगाया जाता है ?

उत्तर - किसी परिवार के सर्वे के द्वारा निम्न लिखित बातो का पता लगाया जा सकता है :-

1- महिला, पुरुष तथा बच्चो की संख्या

2- उनके जीवन यापन करने का स्तर

3- उस परिवार के मुखिया का व्यवसाय

4- जन्म से 6 माह तक का नवजात शिशु

5- 6 माह से 10 वर्ष तक के बच्चों की संख्या

6- 11 से 18 वर्ष तक के किशोर – किशोरी बालक, बालिकाओ की संख्याओ का पता लगाया जा सकता है

प्रश्न 2. तालिका देख कर निम्न प्रश्नों के उत्तर बताओ –

| **क्रमांक** | **इलाका** | **महिला** | **पुरुष** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | घड़ी चौक से जयस्तंभ चौक | 63 | 135 | 198 |
| 2. | घड़ी चौक से मोती बाग की ओर | 52 | 203 | 255 |
| 3. | घड़ी चौक से रेल्वे स्टेशन | 09 | 196 | 205 |
| 4. | घड़ी चौक से तेलीबांधा | 60 | 227 | 287 |
| 5. | घड़ी चौक से गोलबाज़ार | 120 | 254 | 374 |

तालिका देखकर बताओ :-

1. सबसे कम चलने वाले किस इलाके से चलते है ?

उत्तर - घड़ी चौक से जयस्तंभ चौक

2. सबसे अधिक पैदल चलने वाले किस क्षेत्र में है ?

उत्तर - घड़ी चौक से गोलबाज़ार

3. सबसे अधिक महिलायें किस इलाके से पैदल चलकर गुजरते हैं?


उत्तर - घड़ी चौक से गोलबाज़ार

प्रश्न 3. एक बगीचे से अलग – अलग फल तोडा गया जो की इस प्रकार है :-

| क्रमांक | फल | फलों के संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सेब | 40 |
| 2. | केला | 50 |
| 3. | आम | 60 |
| 4. | संतरा | 20 |
| 5. | जाम | 10 |

इन आकड़ो को (स्तंभ) बार चित्र द्वारा ... प्रदर्शित करें

उत्तर - ग्राफ बार चित्र -> यहाँ x अक्ष पर फल तथा y अक्ष पर फलो की संख्या निर्धारित पैमाना है। ( 2 खाना = 1 फल )



प्रश्न 5. नीचे दिए गये आकड़ो को वृत्त चित्र द्वारा प्रदर्शित करो पाँचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने निम्नलिखित खेलो मे भाग लिया –


कबड्डी – 20%

क्रिकेट - 30%

खो खो – 40%

बेडमिंटन – 10%

उत्तर - सर्वप्रथम खेल मे भाग लेने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत अंश मे बदलना होगा।




प्रतिशत को अंशों में बदलने का सूत्र =

$$\frac{360}{100} \text{ x प्रतिशत}$$

चूंकि 100% = 360०

इसलिए ⌀ 20% = $\frac{360}{100}$ x 20 = 72०

इसी तरह 30% = $\frac{360}{100}$ x 30 = 108०

40% = $\frac{360}{100}\ x\ 40$ = 144०

10% = $\frac{360}{100}\ x\ 10$ = 36०

## अध्याय - 2

## दिशा, पैमाना तथा नक्शा

प्रश्न 1. दिशातीर से नीचे की ओर कौन – सी दिशा प्रदर्शित करते है ?

(अ) उत्तर (ब) दक्षिण


(स) पूर्व (द) पश्चिम

उत्तर - (ब) दक्षिण

प्रश्न 2. दिए गए नक्शों में उत्तर दिशा में क्या स्थित है ?

(अ) कुतुबमीनार (ब) महरौली – गुडगाँव मार्ग

(स) मथुरा मार्ग (द) एन-एच-8




उत्तर - (अ) कुतुबमीनार


प्रश्न 3. यदि आपके पास सूरजमुखी फूल का गमला है और सुबह के समय सूरजमुखी का फूल सूर्य की ओर मुँह करके खिला है तो आप किस दिशा का अनुमान लगा सकते है ?

(अ) उत्तर (ब) दक्षिण

(स) पूर्व (द) पश्चिम

उत्तर - (स) पूर्व

प्रश्न 4. दिए गए नक्शे में छात्र किस कक्षा में सर्वप्रथम प्रवेश करेगा ?




(अ) हेडमास्टर कक्ष (ब) कक्षा - 1


(स) कक्षा - 2 (द) कक्षा - 3

उत्तर - (अ) हेडमास्टर कक्ष

प्रश्न 5. रात में दिशा किसकी सहायता से ज्ञात करेंगे ?


उत्तर - रात में दिशा ध्रुव तारे की सहायता से ज्ञात करेंगे जो उत्तर दिशा में स्थित प्रतीत होता है।

प्रश्न 6. नक्शा देख कर बताओ प्राथमिक शाला के सापेक्ष पूर्व और पश्चिम दिशा में कौन-कौन से गाँव स्थित हैं ?




उत्तर - चंदनपुर और बड़गाँव

प्रश्न 7. चित्र देखकर बताओ कौन- कौन सी दिशा आएगी ?





उत्तर - दक्षिण पूर्व और दक्षिण पश्चिम


प्रश्न 8. संकेत बनाओ :-

1) पहाड़ –

2) सड़क –

उत्तर -

1) 

2) 

प्रश्न 9. अपने गाँव के नक्शे को देख कर अपने गाँव की नदियों के नाम लिखो।

उत्तर - मुस्का, पिपरिया, आमेर । विद्यार्थी अपने गाँव की किसी भी नदी का नाम लिख सकते हैं ।

प्रश्न 10. मिलान करो :-

↑ - दक्षिण

↓ - पूर्व

→ - उत्तर

उत्तर -

↓ - दक्षिण

→ - पूर्व

↑ - उत्तर


प्रश्न 11. दिशासूचक यंत्र का चित्र बनाओ।

उत्तर -



- दिशासूचक यंत्र

प्रश्न 12. चित्र की सहायता से दिशा बताओ।

| क्र. | चित्र | दिशा |
|---|---|---|
| 1. |  उगता सूरज | |
| 2. |  डूबता सूरज | |
| 3. |  ध्रुव तारा | |

उत्तर -

| क्र. | चित्र | दिशा |
|---|---|---|
| 1. | उगता सूरज | पूर्व |
| 2. | डूबता सूरज | पश्चिम |
| 3. | ध्रुव तारा | उत्तर |

प्रश्न 13. दिशातीर का चित्र बनाकर चारो दिशाओं के नाम लिखो।

उत्तर - दिशाओं के नाम

1. उत्तर
2. दक्षिण
3. पूर्व
4. पश्चिम




प्रश्न 14. यातायात के किन्ही पाँच संकेतों को संक्षेप में लिखो।

उत्तर - यातायात के संकेत

| क्र. | चिन्ह | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. |  | गाड़ी खड़े मत कीजिए |
| 2. |  | दाहिनी ओर का मोड़ |
| 3. |  | बांयी ओर का मोड़ |
| 4. |  | कोई यू - टर्न नहीं |
| |  | पैदल यात्री जेब्रा क्रॉसिंग पर ही सड़क पार करें |

प्रश्न 15. श्यामपट्ट, दरवाजा, खिड़की, सीढियाँ तथा आलमारी के संकेतों का उपयोग कर अपनी कक्षा का नक्शा बनाओ।

उत्तर -




प्रश्न 16. नक्शा देखकर दिशातीर की सहायता से बताओ किस दिशा में क्या स्थित है ?

| क्र. | दिशा | स्थित है |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर | |
| 2. | दक्षिण | |
| 3. | पूर्व | |
| 4. | पश्चिम | |




उत्तर -

| क्र. | दिशा | स्थित हैं |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर | तालाब , टापू |
| 2. | दक्षिण | रामगढ़ |
| 3. | पूर्व | राधोगढ़ , अरपा नदी |
| 4. | पश्चिम | जंगल |

## अध्याय – 3

## जड़ एवं पत्ती

( अंक 1 LOS – 513 )

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुन कर लिखो : -**

1- ऐसा पौधा जिसकी पत्तियाँ काँटों में बदल जाती है -

| | |
|---|---|
| 1. गुलाब | 2. नीबू |
| 3. नागफनी | 4. बबूल |

उत्तर - 3. नागफनी

2- पौधा का कौन – सा भाग मिट्टी से जल सोखता है ?

| | |
|---|---|
| 1. तना | 2. शाखाऐं |
| 3. फूल | 4. जड़ |

उत्तर - 4. जड़

3- जड़ें मिट्टी में से क्या लेती है ?

| | |
|---|---|
| 1. ऑक्सीजन | 2. जल |
| 3. कार्बनडाई ऑक्साइड | 4. सूर्य का प्रकाश |

उत्तर - 2. जल

4- गन्ने के पौधे का कौन – सा भाग खाया जाता है ?

| | |
|---|---|
| 1. पत्ती | 2. तना और खनिज लवण |
| 3. जड़ | 4. फूल |

उत्तर - 2. तना और खनिज लवण

( अंक 2 LOS - 513 )

**प्रश्न - निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये :-**

प्रश्न 1. नाड़ी विन्यास किसे कहते है - प्रकार बताइये ?

उत्तर - पत्ती में नाड़ियो की व्यवस्था को नाड़ी विन्यास कह्ते है यह दो प्रकार की होती है।

(1) समानान्तर नाड़ी विन्यास
(2) जालीदार नाड़ी विन्यास

प्रश्न 2. पत्तियों में कितने प्रकार की जमावट होती है ?

उत्तर - पत्तियों की ज़मावट तीन प्रकार की होती है।

1. एकान्तर क्रम
2. जोड़ीदार जमावट
3. गुच्छेदार जमावट

प्रश्न 3. जड़ और पत्ती में क्या रिश्ता होता है ?

उत्तर - जड़ एवं पत्ती में जड़ के प्रकार व पत्तियों के नाड़ी विन्यास का रिश्ता होता है।

प्रश्न 4. जालीदार नाड़ी विन्यास पत्ती का एक उदाहरण दीजिए –

उत्तर - जालीदार नाड़ी विन्यास पीपल की पत्ती में पाया जाता है।

( अंक 3 LOS - 513 )

**प्रश्न 3. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**

प्रश्न 1. जोड़ीदार व गुच्छेदार जमावट में क्या अंतर है ?

उत्तर - जोड़ीदार व गुच्छेदार जमावट में निम्न अंतर है –

| **जोड़ीदार** | **गुच्छेदार** |
|---|---|
| कुछ पौधो में पत्तियाँ जोड़ी में निकलती है उसे जोड़ीदार ज़मावट कहते है। | कुछ पौधो में पत्ती एक ही ज़गह से कई सारी पत्तियाँ गुच्छे के रूप में निकलती है। उसे गुच्छेदार जमावट कहते है। |

प्रश्न 2. धान के पौधे में कौन सा जड़ व नाडी विन्यास पाया जाता है ?

उत्तर - धान के पौधे में रेशेदार जड़ तथा समानान्तर नाड़ी विन्यास पाया जाता है।

प्रश्न 3. पत्तियों का चक्रीय क्रम किसे कहते है ?

उत्तर - जिन पौधो में पत्तियाँ एक ही जगह से बहुत सारी गुच्छे के रूप में निकलती है। इसे चक्रीय क्रम (गुच्छेदार जमावट) कहते है।

प्रश्न 4. निम्न लिखित पौधो में जड़ो के प्रकार और नाड़ी विन्यास बताओ –

1- टमाटर – रेशेदार जड़े तथा पत्ती जालीदार नाडी विन्यास

2- गेहूं - रेशेदार जड़ तथा पत्ती समानान्तर नाडी विन्यास

3- गेंदा - रेशेदार जड़ तथा जालीदार नाडी विन्यास

( अंक 5 LOS - 513 )

**प्रश्न 4. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये :-**

प्रश्न 1. अपने आसपास कुछ एसे पौधे खोजें जिनकी पत्तियाँ रंग बिरंगी होती है इनमे किस प्रकार का विन्यास होता है ?

उत्तर - पत्तियों में बारीक़ नाड़ी (रेशे) होते है। इन्हे नाडी विन्यास कहते है यह दो प्रकार का होता है समान्तर नाडी विन्यास, जालीदार नाड़ी विन्यास रंग-बिरंगी पत्तियों वाले पौधो के नाम तथा नाड़ी विन्यास –

| रंग बिरंगी पत्तियों वाले पौधो | नाड़ी विन्यास |
|---|---|
| विगुनिया | जाली दार नाड़ी विन्यास |
| कालेडियम | जालीदार |
| कोलियम | जालीदार |
| टेडस केनियम | समानान्तर |

प्रश्न 2. पत्तियों के जमावट के प्रकार के नाम का सचित्र वर्णन कीजिए ?

उतर - पत्तियों के जमावट के नाम –

1. <u>एकान्तर क्रम</u> - किसी-किसी पौधो में डाली पर एक ही जगह से एक ही पत्ती निकलती है ऐसी पत्ती को अकेली पत्ती ( एकान्तर पत्ती ) कहेंगे।



अकेली पत्ती (एकान्तर क्रम)

2. <u>जोड़ीदार जमावट</u> - कुछ पौधो में पत्तियाँ जोड़ी में निकलती है। ऐसी जमावट को जोडीदार जमावट ( विपरीत क्रम ) कहेंगे।



जोड़ीदार पत्ती (विपरीत क्रम)

3. <u>गुच्छेदार जमावट</u> - कुछ पौधो में पत्तियाँ एक ही जगह से गुच्छे के रूप में निकलती है। ऐसी जमावट को गुच्छेदार जमावट ( चक्रीय क्रम ) कहेंगे।



गुच्छेदार पत्ती (चक्रीय क्रम)

प्रश्न 3. जड़े कितने प्रकार की होती है ? चित्र सहित बताओ ।

उत्तर - जड़े दो प्रकार की होती है –

1. मूसला जड़                    2. रेशेदार जड़



मूसला जड़



रेशेदार जड़

प्रश्न 4. तालिका पढ़ो और निम्न प्रश्नों के उत्तर दो –

| **क्र.** | **पौधो का नाम** | **नाड़ी विन्यास** | | **जड़ के प्रकार** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **समानांतर** | **जालीदार** | **मूसला** | **रेशेदार** |
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |

## अध्याय – 4

## राष्ट्रीय प्रतीक

1. भारत के राष्ट्रध्वज में केसरिया रंग किस भावना को व्यक्त करता है ?

(अ) साहस और त्याग  (ब) सत्य और शांति

(स) विश्वास और समृद्धि  (द) गति, उन्नति और परिवर्तन

उत्तर - (अ) साहस और त्याग


2. राष्ट्रगान में किन – किन नदियों के नाम आते हैं ?


(अ) अरपा – पैरी  (ब) यमुना – गंगा


(स) कावेरी – ब्रह्मपुत्र  (द) महानदी – इंद्रावती


उत्तर - (ब) यमुना – गंगा


3. राष्ट्रध्वज का चक्र बनाने के लिए आप माचिस की कितनी तीलियों का उपयोग करेंगे?

(अ) 
20

(ब) 
21

(स) 
22

(द) 
24

उत्तर - (द) 
24

4. यदि चार विद्यार्थी को सिंह बनाकर एक – दूसरे के पीठ से सटाकर खड़े करें और सामने से एक विद्यार्थी को खड़े करे। सामने से उसे कितने सिंह बने छात्र नजर आएंगे ?

(अ) 2 (ब) 4

(स) 3 (द) 1

उत्तर - (स) 3

5. राष्ट्रगीत किस पुस्तक से ली गयी है और उसके रचयिता कौन है ?

उत्तर - राष्ट्रगीत "आनन्दमठ" नामक पुस्तक से ली गई है। उसके रचयिता श्री बंकिमचंद्र चटर्जी है।

6. राष्ट्रचिन्ह में कौन – कौन से पशु दिखाई देते है ?

उत्तर - राष्ट्रचिन्ह में शेर, घोड़ा और बैल दिखाई देते हैं।

7. राष्ट्रीय पुष्प का चित्र बनाओ ।

उत्तर - राष्ट्रीय पुष्प कमल का चित्र :-



8. राष्ट्रीय प्रतीक व राजकीय प्रतीक में अंतर स्पष्ट करो ।

उत्तर -

| **क्र.** | **राष्ट्रीय प्रतीक** | **राजकीय प्रतीक** |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय प्रतीक पूरे राष्ट्र के लिए एक ही होते हैं। | राजकीय प्रतीक प्रत्येक राज्य के लिए अलग – अलग होते हैं। |
| 2. | राष्ट्रीय प्रतीक उस राष्ट्र विशेष की पहचान मूल्यों और आदर्शो को प्रदर्शित करता है। | राजकीय प्रतीक उस राज्य विशेष की पहचान मूल्यों व आदर्शो को प्रदर्शित करता है। |

9. प्रोजेक्ट टाइगर क्या है ?

उत्तर -प्रोजेक्ट टाइगर :- हमारे देश में बाघों की संख्या कम होती जा रही है इसलिए बाघों के संरक्षण हेतु प्रोजेक्ट टाइगर चलाया गया और बाघों के शिकार पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाया गया है।

10. राष्ट्रगान में आए राज्यों के नाम लिखो ।

उत्तर -राष्ट्रगान में आए राज्यों के नाम निम्न हैं :-

1) पंजाब 2) गुजरात 3) मराठा ( महाराष्ट्र )

11. राष्ट्रध्वज का उपयोग किन अवसरों पर किया जाता है ?

उत्तर -राष्ट्रध्वज का उपयोग निम्न अवसरों पर किया जाता है :-

1) राष्ट्रीय पर्वो जैसे – स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर फहराया जाता है ।

2) राष्ट्रीय शोक के समय आधा झुका ध्वज फहराते हैं ।

3) शहीदों के पार्थिव शरीर पर लपेटते हैं ।

12. मोर और मोरनी में अंतर स्पष्ट करो ?

उत्तर -

| क्र. | मोर | मोरनी |
|---|---|---|
| 1. | मोर अधिक सुंदर होता है। | मोरनी मोर की तुलना में कम सुंदर होती है। |
| 2. | मोर के पंख रंग – बिरंगे होते हैं। | मोरनी के पंख रंग – बिरंगे नहीं होते हैं। |
| 3. | मोर की लंबाई अधिक होती है। | मोरनी की लंबाई कम होती है। |

13. राष्ट्रध्वज फहराते समय कौन – कौन सी सावधानी रखना चाहिए ?

उत्तर -राष्ट्रध्वज फहराते समय हमें निम्नलिखित सावधानी रखना चाहिए :-

1) राष्ट्रध्वज फहराते समय केसरिया रंग सदैव ऊपर की ओर होना चाहिए।

2) ध्वज किसी भी स्थिति में नीचे नही गिरना चाहिये अर्थात धरती को छूना नही चाहिए।

3) ध्वज फहराते समय सावधान की मुद्रा में खड़े होना चाहिए।

4) ध्वज फहराते ही राष्ट्रगान गाना चाहिए।

5) ध्वज को सलाम करते हैं तथा सूर्यास्त के बाद ध्वज को उतारना आवश्यक है।

14. मिलान करो :-

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| 1) राष्ट्रचिन्ह | - | कमल |
| 2) राष्ट्रगीत | - | सत्यमेव जयते |
| 3) राष्ट्रगान | - | बंकिमचंद्र चटर्जी |
| 4) राष्ट्रीय पुष्प | - | गेंदा |
| 5) राजकीय पुष्प | - | रविन्द्रनाथ टैगोर |

उत्तर - मिलान करो : -

| | | |
|---|---|---|
| 1) राष्ट्रीयचिन्ह | - | सत्यमेव जयते |
| 2) राष्ट्रगीत | - | बंकिमचंद्र चटर्जी |
| 3) राष्ट्रगान | - | रविन्द्रनाथ टैगोर |
| 4) राष्ट्रीय पुष्प | - | कमल |
| 5) राजकीय पुष्प | - | गेंदा |

15. राष्ट्रचिन्ह का उपयोग कहाँ – कहाँ किया जाता है ?

उत्तर - राष्ट्रीयचिंह का उपयोग :-

1) सिक्कों के पीछे

2) नोटों पर

3) भारत सरकार के पत्रों पर

4) पासपोर्ट पर

5) स्टांप पेपरों पर

6) सरकारी इमारतो पर

16. इनमें से राष्ट्रीय प्रतीकों को छांट कर दी गई तालिका में लिखो

हाँकी, कबड्डी, वनभैसा, शेर, मैना, मोर, गेंदा, कमल, साल, बरगद।

| **क्र.** | **राष्ट्रीय प्रतीक** | **नाम** |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय पशु | ________ |
| 2. | राष्ट्रीय पक्षी | ________ |
| 3. | राष्ट्रीय पुष्प | ________ |
| 4. | राष्ट्रीय वृक्ष | ________ |
| 5. | राष्ट्रीय खेल | ________ |

उत्तर -

| **क्र.** | **राष्ट्रीय प्रतीक** | **नाम** |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय पशु | शेर |
| 2. | राष्ट्रीय पक्षी | मोर |
| 3. | राष्ट्रीय पुष्प | कमल |
| 4. | राष्ट्रीय वृक्ष | बरगद |
| 5. | राष्ट्रीय खेल | हॉकी |

## अध्याय - 5

## मच्छर और मलेरिया

**(अंक (1) Los 503)**

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए –

1- निम्न में से मच्छर के जीवन चक्र का कौन सा क्रम हैं ?

1. अंडे – इल्ली – जुआँ – मच्छर
2. इल्ली – अंडे – जुआँ – मच्छर
3. प्यूपा – इल्ली – अंडे – मच्छर
4. इल्ली – प्यूपा – अंडे – मच्छर

उत्तर - 1. अंडे – इल्ली – जुआँ – मच्छर

2- मच्छर अंडे कहाँ देते हैं ?

1. जमे हुए गंदे पानी में
2. घोसले में
3. जमीन में
4. पेड़ों में

उत्तर - 1. जमे हुए गंदे पानी में

3- किसी व्यक्ति को मलेरिया है, इसकी जाँच कैसे होगी ?

1. लक्षणों के आधार पर
2. आस-पास के लोगों की राय से
3. एक्स-रे-के द्वारा
4. खून की जाँच से

उत्तर - 4. खून की जाँच से

4- नर मच्छर क्यों नहीं काटते है ?

1. वे काटना नहीं चाहते।

2. वे आलसी होते है।

3. उनकी सूँड तेज व धारदार नहीं होती है।

4. उनकी सूँड तेज व धारदार होती है।

उत्तर - 3. उनकी सूँड तेज व धारदार नहीं होती है

(अंक (2) Los 503)

प्रश्न 2. (1) मलेरिया बीमारी के क्या लक्षण हैं ?

उत्तर - मलेरिया बीमारी होने से कंपकँपी होकर बुखार आने लगता है।

(2) मच्छर के जीवन चक्र की अवस्था को क्रम से लिखों –

उत्तर - मच्छर के जीवन चक्र की अवस्था –

(1) अंडा (2) इल्ली (3) प्यूपा (4) मच्छर

(3) मच्छर के आलावा और कौन- कौन से जंतु खून चूसते है ?

उत्तर - जूं,खटमल तथा जोक भी खून चूसते है परन्तु इनके काटने से कोई बीमारी नहीं होती।

(4) मच्छर को मारने के लिए क्या करना चाहिए –

उत्तर - हमारे यहाँ मच्छरों को मारने हेतु डी.डी.टी का छिडकाव किया जाता है।

(अंक (3) Los 503)

प्रश्न 3. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. एक मच्छर में आपको क्या-क्या दिखाई देता है ?


उत्तर - मच्छर में छः टॉगे, दो पंख, मुँह के पास दो नुकीले सुंड छोटी –दो आँखें, सर के ऊपर दो पतली-पतली लम्बी सींग जैसी दिखाई देती है।

2. मलेरिया होने पर आप क्या करेंगे ?

उत्तर - मलेरिया होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर दवा लेना चाहिए। दवा की पूरी खुराक खाना चाहिए। भरपेट खाना, फल व दूध का सेवन करना चाहिए पानी को उबाल कर पीना चाहिए।

3. किस मच्छर के काटने से मलेरिया होता है चित्र बनाइए।

उत्तर - मादा मच्छर एनाफिलिस के काटने से मलेरिया रोग होता है।



4. बीमार व्यक्ति को ग्लूकोज क्यों चढाया जाता है ?

उत्तर - बीमार व्यक्ति को ग्लूकोज देने से उसकी शरीर में पानी और अन्य आवश्यक चीज़े प्राप्त होती है, और वह जल्द स्वस्थ होता है।

5. एक व्यक्ति के रक्त में हीमोग्लोबीन कितना होना चाहिए ?

उत्तर - एक स्वस्थ सामान्य पुरुष के रक्त में 13.5 से 17.5 ग्राम प्रति डेसीलीटर तथा महिला में 12.0 से 15.5 ग्राम प्रति डेसीलीटर रक्त होना चाहिए।

प्रश्न 4. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

उत्तर - मलेरिया के लक्षण निम्न है –

1. कँपकँपी के साथ बुखार आना।


2. बहुत ज्यादा हाथ – पेट में दर्द।

3. कभी-कभी सिर में दर्द।

4. पेट में दर्द के साथ उल्टी।

प्रश्न 5. मच्छर के जीवन चक्र का सचित्र वर्णन कीजिए ?

उत्तर -



मच्छर का जीवन चक्र

मच्छर जमा पानी में अंडे देता है फिर उससे लार्वा या प्यूपा बनता है जो थोडा बड़ा होकर मच्छर में विकसित हो जाता है।

प्रश्न 6. मलेरिया से बचाव के क्या उपाय है ?

उत्तर - मलेरिया से बचाव के उपाय निम्न लिखित हैं –

1. घर के आस-पास गन्दा पानी जमा न होने देना।

2. पानी साफ़ व उबाल कर पीना चाहिए।

3. डॉक्टर के अनुसार दवाई व खाना लेना चाहिए।

4. मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए।

5. मच्छरों को मारने के लिए डी.डी.टी का छिडकाव किया जाना चाहिए।

## पाठ – 6

## नक्शा बोलता है

प्रश्न 1. क्षेत्रफल के अनुसार छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा जिला कौन सा है?

(अ) रायपुर (ब) राजनाँदगाँव

(स) कांकेर (द) बीजापुर

उत्तर - (ब) राजनाँदगाँव

प्रश्न 2. रेगिस्तान का जहाज किस राज्य में अधिक पाया जाता है?

(अ)राजस्थान (ब) मध्यप्रदेश

(स) उत्तरप्रदेश (द) छत्तीसगढ़

उत्तर - (अ) राजस्थान

प्रश्न 3. भारत के नक़्शे में दक्षिण दिशा में कौन सा राज्य है?

(अ) पंजाब (ब) असम

(स) तमिलनाडु (द) महाराष्ट्र

उत्तर - (स) तमिलनाडु

प्रश्न 4. निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?

(अ) मध्यप्रदेश – रायपुर (ब) छत्तीसगढ़ – भोपाल

(स) आंध्रप्रदेश – पटना (द) उत्तरप्रदेश – लखनऊ

उत्तर - (द) उत्तरप्रदेश – लखनऊ

प्रश्न 5. छत्तीसगढ़ के दो नवनिर्मित जिलों के नाम लिखो।

उत्तर - (1) गौरेला पेंड्रा

(2) मारवाही

प्रश्न 6. रायपुर जिले के पूर्व और पश्चिम दिशा में कौन-कौन से राज्य जिले हैं?

उत्तर - पूर्व में महासमुंद और पश्चिम में दुर्ग जिला स्थित है।

प्रश्न 7. भारत के नक़्शे में पश्चिम दिशा में कौन-कौन से राज्य स्थित हैं?

उत्तर - (1) राजस्थान

(2) गुजरात

प्रश्न 8. क्या छत्तीसगढ़ और निकोबार के चारों ओर एक जैसा वातावरण है?

उत्तर - नहीं, छत्तीसगढ़ के चारों ओर अन्य राज्य हैं यानि जमीन है जबकि निकोबार के चारों ओर पानी है।

प्रश्न 9. छत्तीसगढ़ के राजिम तीर्थ में किन प्रमुख नदियों का संगम होता है?

उत्तर - (1) महानदी

(2) पैरी

(3) सोंढुर

प्रश्न 10. नक्शा बनाते समय कौन-कौन सी सावधानी बरतनी चाहिए?

उत्तर - (1) नक्शा बनाते समय सही पैमाना लेना चाहिए अर्थात लंबाई और चौड़ाई सही-सही होना चाहिए।

(2) सही दिशा में सही स्थान या वस्तु स्थित होने चाहिए।

(3) सही संकेतों का प्रयोग करना चाहिए।

प्रश्न 11. भारत के नक्शे में बंगाल की खाड़ी को कौन-कौन से राज्य छुते हैं?

उत्तर - (1) पश्चिम बंगाल

(2) उड़ीसा

(3) आंध्रप्रदेश

प्रश्न 12. नक्शा कैसे बनाते हैं?

उत्तर - नक्शा बनाते समय किसी भी स्थान को ऊपर से देखते हैं। नक्शा काफी छोटा होता है। कागज पर नक्शा किसी भी जगह को छोटा करके बनाते हैं। सही दिशा में सही संकेतों का प्रयोग करते हैं।

प्रश्न 13. छत्तीसगढ़ की सीमा को छूने वाले किन्ही पाँच राज्यों के नाम दिशा सहित लिखो।

उत्तर -

| | दिशा | | राज्य |
|---|---|---|---|
| (1) | उत्तर | - | उत्तरप्रदेश |
| (2) | दक्षिण | - | आंध्रपदेश |
| (3) | पूर्व | - | उड़ीसा |
| (4) | पश्चिम | - | महाराष्ट्र |
| (5) | पश्चिम | - | मध्यप्रदेश |


प्रश्न 14. मिलान करो -:

| राज्य | राजधानी |
|---|---|
| 1. राजस्थान | रायपुर |
| 2. बिहार | मुंबई |
| 3. महाराष्ट्र | चंडीगढ़ |
| 4. छत्तीसगढ़ | जयपुर |
| 5. पंजाब | पटना |

उत्तर -

| राज्य | | राजधानी |
|---|---|---|
| (1) राजस्थान | - | जयपुर |
| (2) बिहार | - | पटना |
| (3) महाराष्ट्र | - | मुंबई |
| (4) छत्तीसगढ़ | - | रायपुर |
| (5) पंजाब | - | चंडीगढ़ |

प्रश्न 15. यहाँ कुछ राज्यों के नक्शे दिए गए हैं, इन्हें पहचान कर उनका नाम लिखो।



उत्तर -



प्रश्न 16. नक्शे के द्वारा आपको कौन-कौन सी जानकारियाँ प्राप्त होती हैं?

उत्तर - नक्शे से हमें निम्न जानकारियाँ प्राप्त होती हैं -:

(1) नक्शे से हमें किस दिशा में कौन सा स्थान स्थित है मालूम होता है।

(2) नक्शे से उस स्थान की लंबाई, चौड़ाई और क्षेत्रफल, दूरी आदि का पता चलता है।

(3) विभिन्न प्रकार के संकेतों की जानकारी होती है। जैसे -: · (बिन्दी) से राजधानी को दिखाते हैं।

(4) नक्शे के द्वारा जिले, राज्य, राजधानी, फसल, नदियों, वाहनों आदि की जानकरी प्राप्त होती है।

(5) विभिन्न प्रकार के नक्शों से भिन्न-भिन्न जानकारियाँ प्राप्त होती हैं।

## अध्याय 7

## साँप

प्र. 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-

1. किस जंतु के जबड़े में विष की थैली पायी जाती है?

a. बिच्छू

b. छिपकली

c. चूहा

d.साँप

उ. d. साँप

2. साँप कहाँ रहता है?

a. बिल में

b. पेड़ में

c. गुफा में

d. घर में

उ. a. बिल में

3. इनमें से आजीविका के लिए साँप को पकड़ने वाले को क्या कहते हैं?

a. मछुआरा

b. महावत

c. सपेरा

d. चरवाहा

उ. c. सपेरा

4. इनमें से रात्रिचर साँप कौन-सा है?

a. नाग

b. करैत

c. वाईपर

d. फुर्सा

उ. b. करैत

प्र. 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. साँप के शरीर में विष कहाँ रहता है?

उ. साँप के शरीर में विष साँप के मुंह के ऊपरी जबड़े में दो थैलियों में रहता है।

2. साँप कितने प्रकार के होते हैं?

उ. साँप दो प्रकार के होते हैं-

1. विषैले 2. विषहीन

प्र.3 किसी के शरीर में साँप अपना विष किस प्रकार डालता है?

उ. साँप अपने दांतों से किसी के शरीर में विष डालता है।

प्र.4 किसान जमीन पर डंडा ठोंककर क्यों चलते हैं।

उ. किसान के जमीन पर डंडा ठोंकने पर साँप को पता चल जाता है और वह वहां से दूर चला जाता है।

प्र.3. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. साँप किसानों के मित्र भी होते हैं ,कैसे?

उ. साँप खेतों में पाए जाने वाले चूहों और अन्य जीवों को खाकर फसलों को नुकसान होने से बचाता है। इसलिए साँप किसानों का मित्र भी होता है।

2. कुछ विषहीन साँपों के नाम बताइये।

उ. विषहीन साँपों के नाम निम्नलिखित है-

1. हरा साँप

2. अजगर

3. पिटपिटी

4. पानी का साँप

3. साँप काट ले तो क्या करना चाहिए।

उ. 1. साँप के काटे मरीज को उत्तेजित न होने दें।

2. जितनी जल्दी हो सके, अस्पताल ले जाएं।

3. रोगी को दौड़ने न दें। रोगी को सोने भी न दें और न ही साईकिल या मोटर साइकिल चलाने दें।

4. नीचे दिए गए साँपों को विषहीन व विषैले दो वर्गों में छाँटकर लिखो -

कोबरा, अजगर, फूर्सा ,करैत ,वाईपर ,हरा साँप, धामना

उ.

| विषहीन | विषैले |
|---|---|
| अजगर | कोबरा |
| हरा साँप | करैत |
| धामन | वाईपर |
| | फूर्सा |

प्र. 1 क्या नाग बीन की धुन पर नाचता है? यदि नहीं तो बीन की धुन पर क्यों हिलता है?

उ. असल में नाग, बीन की आवाज पर नहीं नाचता। बल्कि वह तो बीन के हिलने-डुलने को देखकर नाचता है कि बीन उसके लिए खतरा है। कोई भी चीज चाहे वह कपड़ा हो या डंडा नाग के सामने हिलाया जाए तो वह फन उठाकर डोलने लगता है।

प्र.2 विषहीन साँप के काटने पर क्या इलाज किया जाता है?

उ. विषहीन साँप के काटने पर मरीज को सर्पदंश का टीका नहीं लगाया जाता बल्कि उसके घाव का इलाज किया जाता है और दर्द कम करने के लिए दर्द निवारक दवाई दी जाती है।

प्र.3 वाईपर के काटने पर शरीर में क्या-क्या दिखाई देता है?

उ. 1. वाईपर का विष खून को प्रभावित करता है।

2. इसके विषदंत काफी बड़े होते हैं, इसलिए काटे गए स्थान पर गहरा घाव हो जाता है।

3. घाव में से लगातार खून बहता रहता है।

4. समय पर टीका नहीं लगने से काटे गए अंग में सड़न होने लगती है।

प्र.4 यदि विषहीन साँप के काटने या झाड़-फूंक से इलाज करने पर मरीज बचेगा या नहीं।

उ. विषहीन साँप के काटने से शरीर में जहर नहीं जाता है। अतः ऐसे मरीज को कुछ नहीं होता वह बचेगा ही पर वह सिर्फ साँप की दहशत (सदमे) में ही बेहोश हो जाता है। इस कारण कई बार मरीज मर जाता है।

## पाठ – 8

## बैंक

प्रश्न 1. किस खाते में जमा पैसों को जब चाहे निकाल सकते हैं?

(अ) मियादी खाता (ब) बचत खाता

(स) चालू खाता (द) एन.आर.आई. खाता

उत्तर - (ब) बचत खाता

प्रश्न 2. आप बैंक में पैसे क्यों जमा करते हैं?

(अ) पैसे अधिक सुरक्षित रहते हैं। (ब) घर में असुरक्षित रहते हैं।

(स) पैसे चोरी हो सकते हैं। (द) पैसे खर्च हो जाते हैं।

उत्तर - (अ) पैसे अधिक सुरक्षित रहते हैं।

प्रश्न 3. दिए गए चित्र को पहचान कर नाम बताओ।



(अ) आधार कार्ड (ब) पैन कार्ड

(स) ए.टी.एम.कार्ड (द) राशन कार्ड

उत्तर - (स) ए.टी.एम.कार्ड

प्रश्न 4. यदि किसी व्यक्ति के पास उसका कोई पहचान पत्र नहीं है तो क्या वह बैंक में खाता खोल सकता है?

(अ) किसी अन्य के राशन कार्ड से। (ब) किसी अन्य के आधार कार्ड से।

(स) हाँ, खाता खोल सकते हैं। (द) नहीं, खाता नहीं खोल सकते।

उत्तर - (द) नहीं, खाता नहीं खोल सकते।

प्रश्न 5. मियादी खाता किसे कहते हैं?

उत्तर - जब पैसों की तुरंत जरूरत न हो तो कुछ निश्चित सालों के लिए पैसों को जिस खाते में जमा किया जाता है, उसे मियादी खाता कहते हैं। मियादी खाते में ब्याज भी ज्यादा मिलता है।

प्रश्न 6. किन्ही दो बैंकों के नाम लिखिए।

उतर - (1) भारतीय स्टेट बैंक

(2) देना बैंक

प्रश्न 7. ए.टी.एम. के कोई दो उपयोग लिखो।

उत्तर - (1) ए.टी.एम.कार्ड से हम अपने बैंक खाते से रूपये निकाल या जमा कर सकते हैं।

(2) ए.टी.एम.कार्ड की सहायता से हम बड़ी दुकानों या मॉल से सामान खरीद सकते हैं।

प्रश्न 8. चालू खाता और फिक्स डिपोसिट में क्या अंतर है?

उत्तर -

| चालू खाता | फिक्स दिपोसिट |
|---|---|
| इस खाते में दिन में कई बार पैसे निकाले या डाले जा सकते हैं। यह व्यापारियों द्वारा खोला जाता है। | इस खाते में कुछ निश्चित वर्षों के लिए पैसे जमा किए जाते हैं। इसमें ब्याज भी अधिक मिलता है। |

प्रश्न 9. खाता खुलवाने के लिए किन-किन चीजों की आवश्यकता होती हैं?

उत्तर - 1. खाता खुलवाने वाला फार्म।

2. दो पासपोर्ट साइज फोटो।

3. पहचान संबंधी दस्तावेज जैसे -: वोटर कार्ड पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि।

प्रश्न 10. बैंक से रूपये किन-किन माध्यमों से निकल सकते हैं?

उत्तर - (1) आहरण पर्ची से

(2) चैक द्वारा

(3) ए.टी.एम.कार्ड से।

प्रश्न 11. किसी चैक का चित्र बनाकर उसमें जानकारी भरो।

उत्तर -




प्रश्न 12. दिए गए अंगूठे के निशान एक दुसरे से किस प्रकार भिन्न हैं?

उत्तर -

| | |
|---|---|
|  |  |

| | |
|---|---|
| (1) अंगूठे का निशान गोल आकृति का है। | (1) अंगूठे का निशान लंबा है। |
| (2) अंगूठे की लकीरे दूर-दूर हैं। | (2) अंगूठे की लकीरें पास-पास हैं। |
| (3) लकीरें बाएं से दाएं ओर जाती दिखाई दे रही हैं। | (3) लकीरे दाएं से बाएं जाते दिखाई दे रही हैं। |

प्रश्न 13. इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर क्या है?

उत्तर - इलेक्ट्रॉनिक फंड एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खाते में राशी स्थानांतरित करने का एक तंत्र है। जो बहुत कम समय लेता है व कागज के उपयोग के बिना कार्य करता है। इससे राशी निकालने एवं जमा करने दोनों कार्य किये जाते हैं। यह प्रकिया ATM मोबाईल आदि उपकरणों के माध्यम से भी की जा सकती है।

प्रश्न 14. आधार कार्ड से कौन-कौन सी जानकारी प्राप्त होती है?


उत्तर - आधार कार्ड -: आधार कार्ड पूरे भारत में प्रत्येक भारतीय नागरिक के द्वारा पहचान पत्र की तरह उपयोग किया जाता है। इस कार्ड में निम्न जानकारियाँ होती हैं -:

(1) नाम (2) जन्मतिथि

(3) लिंग (4) आधार नंबर

(5) पता (6) फोटो आदि।

प्रश्न 15. दी गई जमापर्ची में जानकरी भरो।



भारतीय स्टेट बैंक
STATE BANK OF INDIA
______ शाखा / BRANCH

बचत खाता जमा पर्ची / SAVING BANK ACCOUNT PAY - IN - SLIP
रोकड़ / अंतरण
Cash / Transfer

कृपया नकद, बैंक पर आहरित लिखतों, समाशोधन लिखतों और अन्य स्थानों के लिखतों के लिए अलग पर्चियों का प्रयोग करें।
NOTE : Please use separate slips for depositing cash, cheques and drafts etc.

| रोकड़ / चैकों का विवरण / DETAILS OF CASH/CHEQUES | रु० / Rs. | पै० / P. |
|---|---|---|
| X 500 | | |
| X 100 | | |
| X 50 | | |
| X 20 | | |
| X 10 | | |
| X 5 | | |
| X 2 | | |
| X 1 | | |
| | | |

दिनांक / Date ______ 20 ____

खाता संख्या / ACCOUNT NUMBER
0 1 1 9 0

FOR THE CREDIT OF THE ACCOUNT OF (Name) ______
______ के खाते में जमा करने के लिए

रु० शब्दों में
AMOUNT (IN WORDS) RUPEES ______

रु०/Rs. | पै० / P.

| रोकडिया / अंतरण सारणी क० CASHIER'S SCROLL NO. | रोकड़िया CASHIER | रोकडिया अधिकारी / पासकर्ता अधिकारी CASH OFFICER/PASSING OFFICER | सूची बही क० JOTTING BOOK | विभाजन सं० PARTITION NO. | जमाकर्ता के हस्ताक्षर DEPOSITED BY (Signature) |
|---|---|---|---|---|---|

उत्तर - जमापर्ची में अपनी-अपनी जानकारी छात्र स्वंय भरेंगे।

प्रश्न 16. बैंक से कर्ज किन कार्यों के लिए लिया जा सकता है?

उत्तर - बैंक से कर्ज निम्न कार्यों के लिए लिया का सकता है-:

(1) घर खरीदने के लिए।

(2) वाहन खरीदने के लिए।

(3) कृषि के लिए।

(4) शिक्षा के लिए।

(5) व्यापार के लिए।

# अध्याय 9

## महानदी की आत्मकथा

प्र. 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-

1. बाँध बनाए जाते हैं?

   a. आसपास हरियाली लाने के लिए

   b. पर्यटन के लिए

   c. विद्युत् उत्पादन और सिंचाई की सुविधा के लिए

   d. मछलियों हेतु तालाब बनाने के लिए

उ. c. विद्युत् उत्पादन और सिंचाई की सुविधा के लिए

2. छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी नदी कौन सी है?

   a. पैरी

   b. गंगा

   c. सोंढूर

   d. महानदी

उ. d. महानदी

3. महानदी इनमें से किस सागर में मिलती है?

   a. हिन्द महासागर

   b. बंगाल की खाड़ी

   c. अरब सागर

   d. प्रशान्त महासागर

उ. b. बंगाल की खाड़ी

4. नदी द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी होती है-

a. कठोर

b .नरम

c. उपजाऊ

d.अनुपजाऊ

उ. c. उपजाऊ

प्र.1 महानदी का उदुगम स्थान कहाँ है?

उ. महानदी का उदुगम स्थान धमतरी जिले में स्थित सिहावा की पहाड़ियों में है।

प्र.2 महानदी पर कौन-कौन से बाढ़ बने हैं?

उ. महानदी पर गंगरेल बाँध (रविशंकर सागर परियोजना) छत्तीसगढ़ में और हीराकुंड बाँध संबलपुर (उड़ीसा) में बना है।

प्र.3 महानदी में त्रिवेणी संगम किस स्थान पर होता है?

उ. महानदी में त्रिवेणी संगम राजिम में होता है।

प्र.4 गंगरेल बाँध बनाने से राजिम का महत्त्व क्यों बढ़ गया है।

उ. गंगरेल बाँध बनाने से महानदी के जल से सिंचाई कर फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई इसलिए राजिम का महत्त्व बड़ गया ।

प्र.1 महानदी अंत में कहाँ जाकर मिलती है?

उ. महानदी अंत में अपनी छोटी-बड़ी शाखाओं के साथ बंगाल की खाड़ी (समुद्र) में मिलती है।

प्र.2 महानदी में और कौन-कौन सी नदियाँ आकर मिलती हैं?

उ. महानदी में पैरी, सोंढूर, शिवनाथ तथा मांड आदि नदियों का संगम होता है।

प्र.3 नदियों में गन्दगी होने का प्रमुख कारण क्या है?

उ. नदियों में गन्दगी होने का मुख्य कारण निम्न है-

1. कस्बों व शहरों के गटर के पानी से।

2. कारखानों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ।

3. नदियों में मूर्तीया, फूल विसर्जन, पालीथीन आदि डालने से।

प्र.4 क्या तुम किसी नदी पर गए हो? यदि हाँ तो कौन-सी जगह पर गए हो और वहां तुमने क्या-क्या देखा?

उ. हाँ, मैं महानदी के किनारे राजिम गयी हूँ, यहाँ मैंने महानदी, पैरी और सोंदूर के संगम पर स्थित राजीव लोचन मंदिर देखा।

इसके आलावा एक बार मैं इलाहाबाद गयी हूँ, जहाँ मैंने गंगा-यमुना के संगम पर स्नान किया, यहाँ मैंने हनुमानजी का मंदिर, कृष्णजी का मंदिर, गंगा नदी का पुल तथा यमुना पर दो मंजिल वाली नैनो पुल देखा।

प्र.5 महानदी के तट पर स्थित प्रमुख नगरों के नाम बताइये।

उ. महानदी के तट पर स्थित प्रमुख नगर-

छत्तीसगढ़ में – धमतरी, राजिम, आरंग, सिरपुर, चंपारण, खरौद, शिवरीनारायण व चन्द्रपुर हैं।

उड़ीसा में - संबलपुर जिले से प्रवेश करती है बलांगीर, कटक आदि हैं।

प्र.2 हमारे आसपास की नदी या तालाब में किस प्रकार की गन्दगी मिलती है?

उ. हमारे आसपास के नदी तालाबों में कई प्रकार की गन्दगी मिलती है। इनमें प्रमुख निम्नलिखित है-

1. नदी व तालाबों के किनारे शौच की गन्दगी।

2. नदी व तालाबों में लोग कचरा, पालीथीन और गन्दी वस्तुएं फेंक देते हैं।

3. नदी व तालाबों में मवेशियों के नहाने से पानी गन्दा होता है।

4. कई लोग नदी व तालाब में नहाते हैं व कपड़ा धोते हैं और गन्दगी पानी में छोड़ देते हैं।

प्र.3 बाँध बनाने से क्या लाभ होता है?

उ. बाँध बनाने से निम्न लाभ होते हैं-

1. बाँध से नहरें निकाल कर सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है।

2. सिंचाई के लिए पानी मिलने पर फसलों का उत्पादन बढ़ा है।

3. बाँध से बिजली पैदा की जाती है।

4. बांधों से मत्स्य पालन किया जाता है, जिससे मछुआरों को रोजगार मिलता है।

प्र.4 महानदी के उद्गम से लेकर सागर में मिलने तक की यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

उ. महानदी का उदगम धमतरी जिले के सिहावा की पहाड़ी से हुआ है जिसके बाद यह धमतरी से होते हुए राजिम पहुंचती है, जहाँ इसमें पैरी व सोंढूर नदी मिलती हैं। उसके बाद वह राजिम से निकलकर आरंग होते हुए सिरपुर फिर शिवरीनारायण जहाँ उसमें शिवनाथ नदी मिलती है। इसके बाद वह चन्द्रपुर पहुंचती है, जहाँ पर मांड नदी से उसका संगम होता है, जहाँ से पूर्व दिशा में बढ़कर उड़ीसा राज्य में प्रवेश कर संबलपुर होते हुए पाटन पहुंचकर छोटी-छोटी धारा के रूप में बंगाल की खाड़ी में यात्रा समाप्त होता है।

## अध्याय – 10

## लोहा कैसे बनता है

प्रश्न (1) सही विकल्प चुनकर लिखिए:- (अंक-01)

प्र(1) कारखानों की चिमनियाँ को ऊँची बनाई जाती है, क्यों?

1. चिमनियाँ लोगो को दूर से नजर आने के लिए
2. कारखाने कि सुन्दरता के लिए
3. प्रदूषित धुंए को आस-पास के वातावरण से दूर करने के लिए
4. कारखाने के आकार को बड़ा दिखाने के लिए

उत्तर -3. प्रदूषित धुंए को आस-पास के वातावरण से दूर करने के लिए

प्र(2) भिलाई शहर में स्थित 'मैत्रिबाग' किन देशों के मित्रता का प्रतीक है?

1. अमेरिका-भारत
2. रूस-भारत
3. जापान–भारत
4. चीन-भारत

उत्तर- 2. रूस-भारत

प्र (3) स्पंज लोहा कैसा होगा ?

1. कठोर
2. अर्ध ठोस
3. नरम
4. भंगुर

उत्तर- 3. नरम

प्र(4) कारखानों के आस-पास की वायु कैसी होती है?

1. गंधहीन

2. शुद्ध

3. खुशबूदार

4. प्रदूषित

उत्तर- 4. प्रदूषित

प्रश्न(2) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक-02)

प्र(1) पाषाण युग में औजार कैसे बनाए जाते थे?

उत्तर- पाषण युग में औजार पत्थर से बनाए जाते थे। आदिमानव भी पत्थर के औजार बनाकर जंगली जानवर का शिकार करते थे।

प्र(2) लोहे का खनिज कितने प्रकार का होता है?

उत्तर- लोहे का खनिज दो तरह का होता है – (1) एक लाल रंग का (2) काले भूरे रंग का ।

प्र(3) छत्तीसगढ़ में लोहे का कारखाना कहा स्थित है?

उत्तर- छत्तीसगढ़ में लोहे का विशाल कारखाना दुर्ग जिले के भिलाई शहर में स्थित है।

प्र(4) छत्तीसगढ़ में लौह खनिज कहाँ-कहाँ पाया जाता है?

उत्तर- छत्तीसगढ़ में लौह खनिज बस्तर,जिले के बैलाडीला, दुर्ग राजनांदगाँव, दल्लीराजहरा में पाया जाता है।

प्रश्न(3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक-03)

प्र(1) कारखाने चलाने के लिए किन-किन चीजों कि आवश्यकता होती है ?

उत्तर- कारखाने चलाने के लिए कच्चा माल, बहुत बड़ी जगह, हजारों मजदूर, मशीनें एवं पूँजी कि जरुरत होती है। कच्चे माल कि पूर्ति के लिए बड़े-बड़े खदानों से कच्चा माल मंगाया जाता है। गाँव से मजदूर बुलाते है।

प्र(2) हमारे घर के आस-पास यदि कारखाना है तो हमें किस प्रकार कि समस्याएँ उत्पन्न होगी?

उत्तर- हमारे घर के आस-पास यदि कारखाना है तो हमें निम्नप्रकार कि समस्याएँ उत्पन्न होगी:-

1. कारखाने से निकलने वाले धुएँ से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है।

2. दिन भर तेज आवाज से ध्वनी प्रदुषण होता है।

3. एसिड कि गंध निकलती है।

प्र(3) लोहार कौन-सी वस्तुएं बनाते हैं? उनके नाम लिखो ।

उत्तर- लोहार द्वारा बनाई गयी वस्तुओं के नाम – हँसियां, चाकू, तलवार, हथौड़ी, चिमटा, हल आदि।

प्र(4) कुछ ऐसी चीजें हैं जो छोटे पैमाने पर घरो में बनाए जाते है पर उनके लिए कारखाने भी होते है?

उत्तर- पीतल एवं काँसे के बर्तन बनाना, प्लास्टिक के खिलौने, प्रेस, लोहे कि आलमारियाँ, रेक, ट्रंक बनाने के कारखाने हैं जो छोटे पैमाने पर घरों पर बनती है।

प्रश्न(4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक-04)

प्र(1) लोहार लोहे के औजार कैसे बनाता है ?

उत्तर- लोहे की वस्तुएं बनाने के लिए लोहार सबसे पहले छोटी सी भट्ठी में कोयला जलाता है, फिर उसे धौकनी से तेज आंच करता हैं। उसमे लोहे के छड को गर्म करता है। लोहे की छड गर्म होने पर स्पंज जैसे मुलायम हो जाता है। इस स्पंज को लोहार जैसी वस्तुएं बनाना चाहे वैसा आकार देता है, फिर इसे पानी में डूबा कर ठंडा करता है।

प्र(2) कारखानों में सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम करते हैं?

उत्तर- कारखाने में सुरक्षा के लिए निम्न इंतजाम करते है:-

1. अग्निशामक यन्त्र का प्रबंध रहता है।

2. भट्ठियों में होने वाली गर्मी से बचने के लिए सिर पर हेलमेट पहनते है ।

3. तेज मशीनों से उड़ने वाले कंकड़-पत्थर से बचने के लिए नाक-मुँह में जालीदार नोजोल लगाते हैं।

4. आकस्मिक दुर्घटना के लिए एम्बुलेंस का इंतजाम रहता है।

प्र(3) प्रदूषण को रोकने के लिए कारखानों में क्या उपाय किया जाना चाहिए?

उत्तर- प्रदूषण को रोकने के लिए कारखानों में निम्न उपाय किया जाना चाहिए :-

1. अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना चाहिए।

2. सड़कों के किनारे घने वृक्ष लगाना चाहिए।

3. कारखानों में धुएँ निकलने के लिए चिमनी लगाना चाहिए।

4. कारखानों में शोर अवरोधक दीवारें बनाना चाहिए।

5. सरकार द्वारा पर्यावरण आचार संहिता का विकास करना।

प्र(4) लोहे से बनी वस्तुएं तथा उसका उपयोग लिखिए?

उत्तर-

| **लोहे से बनी वस्तुएं** | **वस्तु का उपयोग** |
|---|---|
| हंसिया | फल, सब्जी आदि काटने में |
| चाक़ू | फल, सब्जी आदि काटने में |
| कैंची | कपड़े काटने में |
| कुल्हाड़ी | लकड़ी, पेड़ काटने में |
| रापा | मिट्टी, रेत उठाने में |

# अध्याय - 11

## छत्तीसगढ़ के जंगल

प्रश्न 1. सही विकल्प चुन कर लिखिए –

प्रश्न 1. छत्तीसगढ़ के जंगल में अनेक प्रकार की औषधियाँ पायी जाती है, इस कारण इसे कहते है –

(अ) मार्बल स्टेट (ब) केमिकल स्टेट

(स) हर्बल स्टेट (द) जंगल स्टेट

उत्तर – (स) हर्बल स्टेट

प्रश्न 2. अधिक वर्षा वाले स्थान कहाँ होते है –

(अ) जहाँ जंगल होते हैं

(ब) जहाँ कारखाने होते है

(स) जहाँ रेगिस्तान होए है

(द) जहाँ मैदान होते है

उत्तर – (अ) जहाँ जंगल होते है

प्रश्न 3. इनमे से कौन - सा जंगल से होने वाला लाभ है –

(अ) गन्ना (ब) गेहूँ

(स) धान (द) वनोपज

उत्तर – (द) वनोपज

प्रश्न 4. निम्न में से कौन - सा वनोपज आदिवासियों के जीविका का साधन है –

(अ) गेहूँ (ब) चावल

(स) महुआ (द) दलहन

उत्तर – (स) महुआ

**[LOS – 503 अंक 2]**

प्रश्न 2. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रश्न 1. सबसे अधिक साल के वृक्ष किस जिले में मिलते है?

उत्तर – सबसे अधिक साल के वृक्ष अंबिकापुर, बस्तर और जशपुर के जंगलो में मिलते हैं।

प्रश्न 2. यदि हम जंगल को काटते जाएंगे तो क्या होगा?

उत्तर – यदि हम जंगल को काटते जाएंगे तो पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जायेगा।

प्रश्न 3. छत्तीसगढ़ के जंगल में इनमे से कौन – से पेड़ बहुतायत संख्या में पाये जाते है?

उत्तर – छत्तीसगढ़ के जंगल में साल (सरई) पेड़ बहुतायत संख्या में पाये जाते है।

प्रश्न 4. छत्तीसगढ़ के जंगल में पाये जाने वाले पेड़ के नाम बताइए?

उत्तर – छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले पेड़ो के नाम साल, सागौन, महुआ, तेंदू, शीशम, हल्दू, आँवला, बाँस आदि प्रमुख है।

**[LOS – 513 अंक – 03]**

प्रश्न 3. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखए -

प्रश्न 1. साल के वृक्ष को पनपने के लिए क्या जरूरी है?

उत्तर – साल के वृक्ष को पनपने के लिए दोमट मिट्टी और गर्मी के साथ – साथ अधिक बारिश की जरूरत होती है।

प्रश्न 2. साल के पेड़ के विभिन भागों का उपयोग लिखिए?

उत्तर – छाल – इसकी छाल काली कड़ी और मुड़ी हुई होती है इसका उपयोग चमड़ा उघोग में किया जाता है।

बीज – साल के बीज से तेल निकालकर साबुन बनाया जाता है।

फल – साल के फल को सूखाकर तेल निकालते है।

प्रश्न 3. साल वृक्ष की विशेषता क्या है?

उत्तर – साल की वृक्ष की विशेषता निम्नलिखित है –

(1) यह पेड़ वर्ष भर हरा – भरा रहता है।

(2) साल के पेड़ लम्बे – लम्बे होते हैं।

(3) इसकी छाल काली, कड़ी और मुड़ी हुई होती है।

प्रश्न 4. अभ्यारण किसे कहते है?

उत्तर – हमारे देश में बाघ हमारे राज्य में राज्य पशु वन भैसा, राज्य पहाड़ी मैना की संख्या इतनी है। कि सरकार इनको साथ – साथ और भी लुप्त होते पशु पक्षियों को बचाने के लिए बहुत से जंगलो को सुरक्षा दे रही है। इन सुरक्षित जंगलो में लोग जानवरों या जंगल को कोई नुकसान नही पहुचा सकते है। इन्हे ही अभ्यारण कहते है।

**[अंक – 05 LOS – 513]**

प्रश्न 4. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रश्न 1. यदि जंगल कम जाए तो वहाँ जानवरों का क्या होगा?

उत्तर – यदि जंगल कम हो जायेंगे तो जंगली जानवरों की संख्या कम होने लगेगा, क्योंकि जंगल ही जंगली जानवरों का निवास स्थान है। जंगल शाकाहारी पशुओं का चारागाह है। जंगली जानवरों को अपने शत्रुओं से बचने के लिए परेशानी होगी।

प्रश्न 2. सागौन वृक्ष के विभिन्न भागों के क्या उपयोग है? पता करो और लिखिए।

ऊतर – सागौन वृक्ष का मुख्य उपयोग लकड़ी के रूप में होता है। सागौन की लकड़ी मजबूत, टिकाऊ एवं साफ़ होती है, इस कारण उस पर काम करना आसान होता है। इसका सुन्दर फर्नीचर बनता है। इमारतों में दरवाजे, खिड़कियाँ बनाने में भी इसका उपयोग होता है।

प्रश्न 3. लगातार जंगल के कम होने से क्या नुकसान हो रहा है?

उत्तर – जंगल के कम होने के नुकसान निम्नलिखित है –

(1) पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है।

(2) वर्षा कम होने लगी है।

(3) वायु प्रदूषण बढ़ने लगा है।

(4) वन पशुओ का चारागाह तथा निवास स्थान है।

(5) जंगली उपज एवं वनौषधियाँ कम मात्रा में मिल रहे है।

प्रश्न 4. छत्तीसगढ़ में पाये जाने वाले साल और सागौन के जंगल एवं पेड़ो की तुलना शीर्षकों के आधार पर लिखिए?

| शीर्षक | साल | सागौन |
|---|---|---|
| जिले जहाँ पाये जाते है। | अंबिकापुर ,बस्तर जशपुर | छ.ग. के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र बस्तर |
| छाल का उपयोग | चमड़ा उघोग में | चमड़ा उघोग में |
| लकड़ी का उपयोग | फर्नीचर बनाने में खेती के औजार बनाने में | फर्नीचर बनाने में |
| पतझड़ का मौसम | पत्तियाँ झड़ कर नयी पत्तियाँ आ जाती है। | इसके पत्तियाँ सुखकर झड़ जाते है। |
| बीज़ का उपयोग | तेल व साबुन बनाने में | बीज़ का उपयोग तेल बनाने में किया जाता है। |

## पाठ – 12

## दर्पण के खेल

प्रश्न 1. एंबुलेंस में आगे की और " एंबुलेंस " किस तरह से लिखा होता है?

(अ) सीधे अक्षरों से (ब) उलटे अक्षरों से

(स) दाँयी ओर से (द) बाँयी ओर से

उत्तर - 1 (ब) उल्टे अक्षरों से

प्रश्न 2. दर्पण में ATAT देखने पर कौन सा शब्द दिखाई देगा ?

(अ) TATA (ब) ATTA

(स) AATT (द) TAAT

उत्तर – 2 (अ) TATA

प्रश्न 3. दो दर्पण के बीच मोमबत्ती रखने पर वह कितनी दिखाई देगी ?

(अ) 4 (ब) 3

(स) 2 (द) 1

उत्तर – 3 (ब) 3

प्रश्न 4. दो पारदर्शी वस्तुओं के नाम लिखो ।

उत्तर – 4 (1) काँच (2) बटर पेपर (3) पालीथीन


प्रश्न 5. जब आप दाएँ हाथ से कंघी करते हैं तो दर्पण में कौन – सा हाथ उठेगा ?

उत्तर – 5 दर्पण में बायाँ हाथ उठेगा ।

प्रश्न 6.  एक डिस्क में इंद्रधनुष में सातों रंग बनाकर उसे गोल घुमाने पर कौन सा रंग दिखाई देगा ?

उत्तर –6 गोल घुमाने पर सात रंगो की डिस्क सफेद रंग की दिखाई देती है ।

प्रश्न 7.  दी गई पत्तियों में से दर्पण में इन्हे देखने से कौन सी पत्ती पूर्ण दिखाई देगी ?



उत्तर – 7 पत्ती क्रमांक – 1 पूर्ण दिखाई देगी ।

प्रश्न 8.  एम्बुलेंस में AMBULANCE उल्टे अक्षरों में क्यों लिखा होता है ?


उत्तर –8 दर्पण में दायाँ पक्ष बायाँ बन जाता है, इसलिए एम्बुलेंस से आगे चल रहे वाहन के दर्पण में इसके अक्षर सीधे दिखाई देंगे ।

प्रश्न 9.  दर्पण से संबंधित शब्दों को सोंच कर लिखो ।

उत्तर – 9 दर्पण से संबंधित अन्य शब्द भी जैसे – आईना टकराना, झिलमिलाना भी लिख सकते हैं।

प्रश्न 10. प्रयोग द्वारा समझाइये इंद्रधनुष कैसे बनता है ?

उत्तर – 10   <u>प्रयोग</u> -: एक कटोरी को पानी से आधी भरो । इसमें एक दर्पण की पत्ती को चित्र में दिखाए अनुसार टीकाओ । अब इसको धूप में इस प्रकार रखो कि सूर्य की रोशनी दर्पण की पत्ती पर पड़े । इस दर्पण से टकराकर जो रौशनी निकलती है, उसे सफेद दीवार पर डाल कर देखने से इंद्रधनुष दिखाई देगा ।



प्रश्न 11. दी गई चीजों में से आप किन – किन चीजों में अपना चेहरा देख सकते है ?

चिकनी सतह, मिट्टी, पानी, दीवार, स्टील का बर्तन दर्पण काँच

उत्तर – 11 पानी, स्टील का बर्तन, काँच और दर्पण ।

प्रश्न 12. अपना कैलिडोस्कोप निम्न आधार पर बनाओं ।

(1) आवश्यक सामग्री

(2) बनाने की विधि

(3) चित्र

उत्तर – 12 आवश्यक सामग्री -: दर्पण की पट्टियाँ, पालीथीन, टेप, काँच की टूटी चूड़ियाँ आदि ।


बनाने की विधि -: दर्पण की एक समान तीन पट्टियाँ लेंगे । इन्हे आपस में बांध देंगे । यह ध्यान रखना होगा कि चमकीली सतह अंदर की ओर होना चाहिए । इन पट्टियों के एक सिरे पर पालीथीन ऐसी ले जिससे आर – पार देख सकें । अब चूड़ियों के रंगीन टुकड़ों को इसमे डाले । दूसरी ओर भी पालीथीन के टुकड़े को बांध देंगे । इस तरह हमारा कैलिडोस्कोप तैयार हो गया।

प्रश्न 13. दर्पण का उपयोग कहाँ – कहाँ होता है ?

उत्तर – 13 दर्पण का उपयोग घर में, नाई की दुकान में, कपड़ों की दुकान में, दर्जी के दुकान में, वाहनों में, डाक्टरों द्वारा किया जाता है।

प्रश्न 14. इंद्रधनुष का चित्र बनाकर, उनके रंगो के नाम क्रम से लिखिए ।

उत्तर – 14 इंद्रधनुष का चित्र



(1) बैंगनी (2) गहरा नीला (3) नीला (आसमानी)

(4) हरा (5) पीला (6) नारंगी

(7) लाल ।

प्रश्न 15. अंग्रेजी के ऐसे वर्णों को ढूंढ़ कर लिखो जो दर्पण में भी हु – ब – हु एक से ही दिखाई देते है ।

उत्तर – 15 A, H, I, M, O, T, U, V, W, X, Y

अंग्रेजी के ये वर्ण दर्पण में भी हु – ब – हु एक से ही दिखाई देते है ।

## अध्याय – 13

## चमड़ी

**[Los – 501 - 01]**

प्रश्न 1. सही विकल्प चुन कर लिखिए –

1. हमारे शरीर में चमड़ी के माध्यम से क्या बाहर निकलता है?

| | |
|---|---|
| (1) पल्चक्र द्रव्य | (2) आँसु |
| (3) पसीना | (4) लार |

उत्तर – (3) पसीना

2. ठंड के दिनों में हमारी चमड़ी केसे हो जाती है?

| | |
|---|---|
| (1) शुष्क हो जाती है। | (2) नर्म हो जाती है। |
| (3) गीली हो जाती है। | (4) सुंदर हो जाती है। |

उत्तर – (1) शुष्क हो जाती है।

3. मछली की चमड़ी कैसी होती है?

| | |
|---|---|
| (1) काँटेदार | (2) शल्क युक्त |
| (3) रेशेदार | (4) कठोर परत युक्त |

उत्तर – (2) शल्क युक्त

4. झाऊभूंसा (साही) को अपने शरीर के काँटों से क्या लाभ है?

(1) तापमान नियंत्रण

(2) महसूस करने में सुविधा

(3) साही को काँटों से कोर्ड लाभ नही

(4) शत्रुओ से रक्षा

उत्तर – (4) शत्रुओ से रक्षा

**[अंक – 02 – LOS – 501]**

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

प्रश्न 1. अपनी चमड़ी का रंग वातावरण के हिसाब से बदलने वाला जीव कौन सा है?

उत्तर – अपनी चमड़ी का रंग वातावरण के हिसाब से बदलने वाला जीव गिरगिट है।

प्रश्न 2. दो ऐसे जीव का नाम लिखिये जिसकी चमड़ी पर कठोर परत होती है?

उत्तर – कछुआ, मगरमच्छ की चमड़ी पर कठोर परत होती है।

प्रश्न 3. चमड़ी का मुख्य कार्य क्या है?

उत्तर – चमड़ी का मुख्य कार्य शरीर को सुरक्षात्मक आवरण प्रदान करता है।

प्रश्न 4. चमड़ी से पसीना निकलने पर शरीर को क्या लाभ होता है?

उत्तर– चमड़ी से पसीना निकलने से शरीर ठंडा लगता है। क्योंकि शरीर की गर्मी तथा अपशिष्ट पदार्थ पसीने के रूप में बाहर आती है।

**[LOS – 501 अंक – 03]**

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रश्न 1. छुपे रुस्तम जीव किसे कहते है? दो जंतुओ के नाम लिखिए।

उत्तर– कई जंतु की चमड़ी का रंग अपने आस – पास से इतना मेल खाता है। कि वे दिखाई ही नही देते। ऐसे जंतुओ को छुपे रुस्तम जीव कहते है। जैसे –

(1) पत्तो पर इल्लियाँ

(2) छुपा हुआ मेढ़क

प्रश्न 2. झाऊभूंसा को अपने शरीर के काँटों से क्या लाभ है?

उत्तर – झाऊभूंसा (साही) को जब कोई छेड़ता है तो यह गोल – मटोल हो जाता है काँटेदार आवरण के कारण कोई इसे छू नही पाता। साथ ही अपने शत्रुओ से बचाव (रक्षा) करता है।

प्रश्न 3. अपने चमड़ी व शरीर की सफाई के लिए क्या – क्या करना चाहिए?

उत्तर – अपने चमड़ी व शरीर को साफ रखने के लिए साबुन लगाकर कपड़े से साफ करना चाहिए।

प्रश्न 4. चमड़ी में होने वाली कुछ बिमारियो के बारे में जानकारी प्राप्त करो?

उत्तर – चमड़ी में होने वाली कुछ बिमारियाँ जैसे –

(1) खुजली

(2) दाद – खाज

(3) फोड़े – फुन्सी

(4) कुष्ठ रोग

(5) सफेद कुष्ठ

(6) बेमची आदि।

**[LOS – 501 – अंक – 05]**

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रश्न 1. कई जंतुओ की चमड़ी का रंग अपने आस – पास से इतना मेल खाता है की दिखाई नही देता इससे उसे क्या फायदा होता है?

उत्तर – पत्तियों में छिपी इल्ली व पत्ती दोनों का रंग हरा होता है। झाड़ियो में छिपा मेढ़क दोनों का रंग मेल खाता है। बाघ के शरीर में धारियों, जंगलो के घास एवं झाड़ियो से मेल खाता है। इस कारण ये आसानी से नजर नहीं आते और अपने शत्रुओं से बच जाते है।

प्रश्न 2. किन्ही पाँच जंतुओ की चमड़ी की विशेषताऐं लिखिए ?

उत्तर – (1) मेंढ़क अपनी सुरक्षा करने के लिए अपनी चमड़ी का रंग बदल लेता है।

(2) ऊँट, गाय, भैंस आदि जानवरों की चमड़ी का उपयोग जूता, पर्स, बेल्ट, बैग आदि बनाने में होता है।

(3) नेवला अपनी चमड़ी के ऊपर बाल के आवरण को अपनी सुरक्षा के लिए उपयोग करता है।

(4) साँप, मोर, बिल्ली, शेर आदि जानवरों का शिकार उनकी सुंदर चमड़ी के कारण किया जाता है। जिन पर अभी रोक लगा दी गई है।

प्रश्न 3.  झाऊमूंसा (साही) का चित्र बनाइए?

उत्तर –



झाऊमूंसा (साही)

प्रश्न 4. मौसम के परिवर्तन होते ही हमारे शरीर की चमड़ी पर क्या प्रभाव पड़ता है?

उत्तर – अलग – अलग मौसम में चमड़ी पर अलग – अलग असर होता है –

(1) वर्षा ऋतु – वर्षा ऋतु में चमड़ी चिकनी और मुलायम रहती है।

(2) शीत ऋतु – शीत ऋतु में चमड़ी खुरदरी हो जाती है।

(3) ग्रीष्म ऋतु – ग्रीष्म ऋतु में चमड़ी में घमोरियाँ हो जाती है।

प्रश्न 5. चमड़ी से तुम्हे किन – किन बातों का पता चलता है तालिका पूर्ण कीजिए -

| क्या हुआ | पता चला की नही |
|---|---|
| शरीर पर मक्खी बैठी | पता चला |
| हवा चली | पता चला |
| सुखा/गीला | पता चला |
| काँटा लगा | पता चला |
| भूख प्यास | पता नही चला |
| चीजें गोल है या चौकोर | पता नहीं चला |
| अंधेरा / उजाला | पता नहीं चला |
| रंग | पता नहीं चला |
| चिकना खुरदुरा | पता चलता है |
| नरम कड़का | पता नहीं चलता |

## पाठ – 14

## घर्षण

प्रश्न 1. दरवाजा खोलने पर आवाज आए तो क्या करना चाहिए ?

(अ) पानी डालना चाहिए

(ब) तेल डालना चाहिए

(स) बर्फ लगाना चाहिए

(द) पाउडर लगाना चाहिए

उत्तर – (ब) तेल डालना चाहिए

प्रश्न 2. हमें किस प्रकार की सतह पर चलने में आसानी होती है ?

(अ) सड़क में (ब) रेत में

(स) गीली मिट्टी में (द) मुरुम में

उत्तर – (अ) सड़क में

प्रश्न 3. पत्थर, मिट्टी, कंचा, चूड़ी, लकड़ी में से कौन सी आसानी से लुढ़केगी ?

(अ) पत्थर, मिट्टी (ब) मिट्टी, लकड़ी

(स) पत्थर, कंचा (द) कंचा, चूड़ी

उत्तर – (द) कंचा, चूड़ी


प्रश्न 4. आटाचक्की के पाटों को क्यों टाँका जाता है ?

उत्तर - आटाचक्की के पाटों को टांकने से घर्षण बढ़ जाता है, तथा गेहूँ या मसालों की पिसाई बहुत अच्छे से होती है ।

प्रश्न 5. मशीन के कलपुर्जों में तेल क्यों डालते हैं ?

उत्तर – मशीन के कलपुर्जों में तेल डालने से कलपुर्जों में आपस में रगड़ कम हो जाती है ।

प्रश्न 6. दिए गए चित्रों में से किस चित्र क्रमांक का कंचा दूर तक जाएगा और क्यों ?



उत्तर – चित्र क्रमांक – 1 का कंचा अधिक दूर जाएगा क्योंकि इस क्रमांक चित्र में समतल सतह है

प्रश्न 7. रोटी आसानी से किस तरह के चकले पर बेली जाएगी चिकनी लकड़ी के चकले पर या खुरदुरी लकड़ी के चकले पर ?

उत्तर – चिकनी लकड़ी के चकले पर रोटी आसानी से बेली जाएगी ।

प्रश्न 8. घर्षण किस प्रकार हमारे चलने एवं दौड़ने में सहायक है ?

उत्तर – चिकनी सतह पर घर्षण बहुत कम होने से चलने या दौड़ने में हम फिसल सकते हैं । खुरदुरी सतह पर घर्षण अधिक होने से हम आसानी से चल तथा दौड़ सकते है ।

प्रश्न 9. मिलान करो -:

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| अ. साइकिल के पुर्जो में | - | खुरदुरा |
| ब. सिलबट्टा | - | चिकना |
| स. चकला | - | तेल डालना |

उत्तर – मिलान करों -:

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| अ. साइकिल के पुर्जो में | - | तेल डालना |
| ब. सिलबट्टा | - | खुरदुरा |
| स. चकला | - | चिकना |

प्रश्न 10. सिलबट्टे का चित्र बनाइए ।

उत्तर –



प्रश्न 11. यदि दो कंचो को अलग – अलग उँचाई से गिराया जाए तो उनकी चाल पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

उत्तर – यदि दो कंचो को अलग – अलग ऊँचाई से गिराया जाए तो अधिक ऊँचाई से लुढ़काने या गिराने पर कंचा अधिक दूर जायगा । कम ऊँचाई से गिराने पर कम दूर जाएगा ।

प्रश्न 12. घर्षण किन – किन बातों पर निर्भर करता है ।

उत्तर – घर्षण निम्न बातों पर निर्भर करता है -:

(1) सतह के चिकने या खुरदुरेपन पर।

(2) सतह के समतल या उबड – खाबड़पन पर।

(3) सतह की ऊँचाई पर।

प्रश्न 13. घर्षण कम करने कर क्या – क्या उपाय हैं ?

उत्तर – घर्षण कम करने के निम्न उपाय है -:

(1) कैरमबोर्ड में घर्षण कम करने के लिए पाउडर डाला जाता है ।

(2) स्कूटर या गाड़ियों के कलपुर्जों में स्नेहक (ग्रीस) का प्रयोग किया जाता है।

(3) दौड़ में भाग लेने वाली कार तथा जहाज का आकार आगे से तीखा रखा जाता है । (स्ट्रीमलाइन)

(4) दरवाजों तथा मशीन में तेल डाला जाता है ।

(5) पंखे तथा कूलर में भी तेल तथा ग्रीस लगाया जाता है ।

प्रश्न 14. सूखी हथेली तथा तेल लगी हथेली को रगड़ने में क्या अंतर महसूस करते हो लिखो ?

उत्तर – सूखी हथेली को रगड़ने में घर्षण बढ़ जाएगा और हथेली आपस में रगड़ने खाती है । तेल की बूंद डाल कर रगड़ने से घर्षण कम होगा तथा हथेलियाँ फिसलने लगती है ।

प्रश्न 15. तालिका में दी गई स्थिति को पढ़कर बताइये घर्षण कितनी होगी तथा क्या हुआ होगा ?

| क्र. | स्थिति | घर्षण | क्या हुआ |
|---|---|---|---|
| .1 | रेत पर चलना | | |
| .2 | गीली मिट्टी में चलना | | |
| .3 | सड़क पर चलना | | |
| .4 | दलदल में फंस जाना | | |
| .5 | केले के छिलके में पैर पड़ना | | |

उत्तर

| क्र. | स्थिति | घर्षण | क्या हुआ |
|---|---|---|---|
| .1 | रेत पर चलना | बहुत ज्यादा | पैर धँसने लगेंगे |
| .2 | गीली मिट्टी में चलना | बहुत ज्यादा | चलने में कठिनाई |
| .3 | सड़क पर चलना | सही घर्षण | चलने में आसानी |
| .4 | दलदल में फंस जाना | बहुत ज्यादा | पैर फंसने से चलने में बहुत कठिनाई |
| .5 | केले के छिलके में पैर पड़ना | बहुत कम | फिसल जाना |

## अध्याय – 15

## चींटी

**[LOS – 503 अंक – 01]**

प्रश्न 1. सही विकल्प चुन कर लिखिए –

1. चीटियों को अपने आस – पास के वातावरण में गंध का पता कैसे चलता है।

(1) पंखो से (2) मूंछो से

(3) नाक से (3) टांगो से

उत्तर – (2)मूंछो से

2. चीटियों से हमे इनमे से क्या सीखना चाहिए।

(1) अनुशासन एवं कठिन परिश्रम

(2) लाईन से चलना

(3) मीठा खाना

(4) काटना

उत्तर – (1) अनुशासन एवं कठिन परिश्रम

3. चापड़ा से बनी चटनी का स्वाद कैसा होता है?

(1) कड़वा (2) मीठा

(3) खट्टा (4) खारा

उत्तर – (3) खट्टा

4. चीटियों का शरीर कितने भागो से मिलकर बना है?

(1) तीन (2) चार

(3) पाँच (4) छः

उत्तर – (4) छः

**[LOS – 503 अंक – 02]**

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रश्न 1. चापड़ा चीटियाँ पत्तों का घरोंदा बनाने के लिए किसका प्रयोग करती है?

उत्तर – चापड़ा चीटियाँ पत्तों का घरोंदा बनाने के लिए घास फूँस का उपयोग करती है।

प्रश्न 2. चीटियाँ कितने प्रकार की होती है?

उत्तर – चीटियाँ तीन प्रकार की होती है। एक नर चीटी, एक रानी चीटी, मजदूर चीटियाँ।

प्रश्न 3. चीटियों का कतार में चलने का क्या कारण है?

उत्तर– चीटियाँ चलते समय ऐसा पदार्थ छोडती है, जिसे सूँघकर दूसरी चीटियाँ पीछे एक कतार बनाकर चलती है।

प्रश्न 4. बस्तर में आदिवासी लोग कौन सी चटनी खाते है?

उत्तर– बस्तर में आदिवासी लोग चापड़ा और इनके अंडो तथा बच्चो को पीसकर चटनी बनाते है। यह स्वाद में खट्टा होता है।

**[LOS – 503 अंक – 03]**

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रश्न 1. चीटियाँ घरोंदा बनाने के लिए पत्तियों को कैसे चिपकाती है?

उत्तर– चीटियाँ के समूह में एक नर चींटी तथा एक रानी चीटी और बाकि मजदूर चीटियाँ होती है। रानी चीटी का काम अंडे देना होता है। पत्तों को चिपकाने के लिए चिपचिपा पदार्थ चीटी के बच्चो में आता है। मज़ेदार बात यह है कि चिपचिपा पदार्थ बड़ी चीटियाँ नही बना सकती।

प्रश्न 2. चापड़ा चीटी के विषय में संक्षेप में लिखिए?

उत्तर- यह एक खास तरह की चींटी है। यह बस्तर में चापड़ा के नाम से जानी जाती है। लाल भूरे रंग की यह चींटी पेड़ों के पत्तों में चिपक कर घरोंदा बनाती है। और उस घोंसले में एक साथ समूह में रहती है। समूह में रहने से कई फायदे होते है जैसे की यदि तुम अपने दोस्तों के साथ समूह में कोई काम करते हो तो वः आसानी से हो जाता है।

प्रश्न 3. चींटी के घरोंदे बनाने का चित्र बनाईए –



प्रश्न 4. क्या अलग – अलग चीटियाँ अलग – अलग घरोंदे बनाती है?

उत्तर –हां अलग – अलग चीटियाँ अलग – अलग घरोंदे बनाती है। जैसे – चापड़ा चीटियाँ पत्तों का घरोंदा बनाता है। कुछ चीटियाँ जमीन पर छोटे – छोटे बाम्बी बनाती है। कुछ चीटियाँ पेड़ो के सूखे छाल पर अपना घरोंदा बनाती है।

**[LOS – 503 अंक – 03]**

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रश्न 1. चापड़ा चीटियाँ घरोंदा कैसे बनाती है?

उत्तर – चापड़ा चीटियाँ घरोंदा बनाने के लिए मजदूर चीटियाँ और अपने बच्चो को औजार के रूप में उपयोग करती है। मजदूर चीटियाँ बच्चो की मदद से पत्तियों को चिपकाकर घरोंदा बनाने का काम करती है। लाल चींटी अपने सफेद रंग के छोटे बच्चो को दबाती है। इससे चिपचिपा जैसे पदार्थ निकलता है। इस पदार्थ से पत्तों को छिपकर घरोंदा बनाती है।

प्रश्न 2. चीटियों का शरीर कितने भागो में बँटा हुआ है? संक्षेप में लिखिए –

उत्तर – चीटियों का शरीर छः भागों में बटा होता है –


(1) चीटी का सिर – चीटी के सिर के आगे की ओर दो लम्बी मूंछो जैसी रचनाएँ निकली रहती है। इसकी मदद से इसे अपने आस – पास के वातावरण का पता चलता है। जैसे गंध तापमान आदि।

(2) चीटी की टांगे – चीटी की छः टांगे होती है।

(3) पेट – सीने के बाद के पूरे भाग को पेट कहते है। चीटी के पेट से पैर निकला होता है।

प्रश्न 3. चीटी का चित्र बनाईए?

उत्तर –



प्रश्न 4. किस मौसंम में तुम कौन सी चटनी खाते हो तालिका में लिखो?

| क्रमांक | चटनी का नाम | क्या - क्या डाला जाता है | तुम्हे कैसी लगती है | मौसम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आँवला चटनी | नमक ,जीरा ,धनिया। | अच्छी लगती है। | ठण्ड |
| 2 | टमाटर | हरी मिर्च ,धनिया ,लहसून ,नमक। | अच्छी लगती है। | गर्मी |
| 3 | करौंदा | मिर्च ,धनिया ,लहसुन नमक। | अच्छी लगती है। | बरसात |
| 4 | अदरक | मिर्च ,धनिया ,लहसून ,नमक। | अच्छी लगती है। | ठण्ड |
| 5 | आम | पुदीना ,हरी मिर्च ,धनिया ,जीरा , नमक ,थोड़ी शक्कर। | अच्छी लगती है। | गर्मी |

## पाठ- 16

## जंतुओं का भोजन

**प्रश्न (1) सही विकल्प चुन कर लिखिए :-**

प्र. (1) इनमें से कौन कीटभक्षी पौधा है?

1. नागफनी
2. यूट्रीकुलेरिया
3. यूकेलिप्टस
4. पीपल

उत्तर :-3. यूट्रीकुलेरिया

प्र. (2) इनमें से कौन-सा पौधा अपने भोजन कि आवश्यकता के लिए कीट खाता है?

1. करंज
2. कलश पादप
3. चंपा
4. कनेर

उत्तर:- (2) कलश पादप

प्र. (3) इनमे से कौन-सा जीव शिकार के लिए जाल बुनता है ?

1. चींटी
2. दीमक
3. मकड़ी
4. बिच्छु

उत्तर:- (3) मकड़ी

प्र. (4) जीवों कों भोजन कि आवश्यकता क्यों होती है ?

1. शरीर की उर्जा के लिए

2. मनोरंजन के लिए

3. सुन्दरता के लिए

4. भोजन का उपयोग करने के लिए

उत्तर :- (1) शरीर की उर्जा के लिए

**प्रश्न (2) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- अंक (2)**

प्र. (1) सर्वाहारी जंतु क्या खाते है ?

उत्तर - ऐसे जंतु जो पेड़-पौधे और उनसे मिलने वाली वस्तुएं खाते हैं और दूसरे जंतुओं का (मांस) भी खाते हैं । ऐसे जंतुओं को सर्वाहारी कहते हैं ।

प्र.(2) ऐसे जीव जो अन्य किसी जीव के शरीर पर रह कर बिना उसे मारे अपना भोजन प्राप्त करते है, वे क्या कहलाते है ?

उत्तर - परजीवी

प्र. (3) मछली क्या खाती है ?

उत्तर:- मछली पानी में रहने वाले छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े, सड़े-गले अनाज के दाने, खाद्य पदार्थ, काई आदि खाती है ।

प्र. (4) शाकाहारी और मांसाहारी जंतुओं में क्या अंतर है ?

उत्तर – शाकाहारी और मांसाहारी जंतुओं में अंतर निम्नलिखित है:-

| शाकाहारी | मांसाहारी |
|---|---|
| ये जंतु केवल पेड़-पौधे और उनसे मिलने वाले फल-फूल अनाज, फूलों का रस खाते है<br><br>जैसे – गाय, खरगोश, बकरी आदि। | 1.ये जंतु केवल दूसरे जंतु एवं दूसरे उनके अंडे खाते है ।<br><br>जैसे- शेर, चीता, गिद्ध आदि । |

**प्रश्न (3) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- अंक- (3)**

प्र. (1) परजीवी जंतु किसे कहते हैं, एक उदाहरण दीजिये ।

उत्तर :- ऐसे जंतु जो दूसरे जंतुओं से भोजन तो प्राप्त करते हैं, परन्तु उन्हें मारते या खातें नहीं हैं, ऐसे जंतुओं को परजीवी जंतु कहते हैं।

जैसे:- कृमि, जूं, जोंक, मच्छर, खटमल, आदि।

प्र.(3) किसी एक कीटभक्षी पौधे का चित्र अपनी कॉपी में बनाओं।

उत्तर-



नीपेन्थिस (कलश पादप)

प्र. (4) गाय को अक्सर आपने जुगाली करते देखा होगा । गाय जुगाली क्यों करती है ?

उत्तर – गाय के दांत चौड़े होते हैं। इन दाँतों से गाय घास, पैरा, भूसा को चबाते रहती है। अपने भोजन को गाय चबा-चबा कर महीन कर लेती है। इनके जबड़े के पास आहार नली के अन्दर सेल्युलोज जीवाणु पाए जाते हैं, जो पाचन में मदद करते हैं।

**प्रश्न (4) निम्म्निलखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- अंक(5)**

प्र. (1) यदि हमारे मुँह, दांत, होठ, जीभ नहीं होते तो क्या होता ?

उत्तर- यदि हमारे मुँह, दांत, होठ, जीभ नहीं होते तो हम खाना नहीं खा पाते, मुँह को बंद नहीं कर पाते, भोजन को ठीक से चबा नहीं पाते, साफ़ स्पष्ट शब्द में बोल नहीं पाते, जीभ न होने पर स्वाद नहीं ले पाते, भोजन को निगल नहीं पाते, क्योकि जीभ से निकलने वाला लार भोजन को चिप-चिपा बनाता है। इन सबके बिना मानव जीवन कि कल्पना नहीं की जा सकती, ये प्रमुख पाचन तंत्र के अंग है।

प्र. (2) पाँच शाकाहारी व पाँच मांसाहारी जंतुओं के नाम लिखिए :-

उत्तर – शाकाहारी जंतु- गाय, भैस, बकरी, घोड़ा, हिरण ।

मांसाहारी जंतु- शेर, चीता, सिंह, तेंदुआ, लकड़बग्घा ।

प्र. (3) हाथी की सुंड उसे भोजन करने में मदद करती है कैसे संक्षिप्त में लिखिए?

उत्तर – हाथी की सुंड लम्बी तथा नीचे का भाग मुड़ा हुआ होता है जो हमारे हाथों जैसे कार्य करता है। इनकी सुंड में हड्डी नहीं होती है इस कारण सुंड आसानी से मुड़ जाता है। अपने सुंड के मुड़े हुए भाग से घास, पैरा तथा अन्य खाद्य पदार्थों को रख कर मुँह तक पहुचाने में मदद करती हैं।

प्र. (4) पाँच जंतुओं के नाम तथा उनके भोजन तालिका में भरिये ।

| **क्रमांक** | **जंतु के नाम** | **भोजन** |
|---|---|---|
| **1** | भैंस | घास, खली, भूसा, अनाज आदि |
| **2** | बिल्ली | दूध, मॉस, दाल-भात, रोटी आदि |
| **3** | चूहा | अनाज, मांस, सब्जी |
| **4** | कौआ | मांस, रोटी |
| **5** | बकरी | घास, अनाज |

## अध्याय 17

## हड्डियाँ

**प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

1. किसी जीव के कंकाल को देखकर उस जीव के बारे में क्या पता चलता है-

a. उसके आकार का

b. उसके रंग का

c. उसके पाचन तंत्र का

d. उसके गंध का

उ. a. उसके आकार का

2. शरीर के अंगों की गति में कौन सहायक है?

a. मस्तिष्क

b. तंत्रिकाएँ

c. रक्त

d. हड्डीयाँ एवं पेशियाँ

उ . d .हड्डीयाँ एवं पेशियाँ

3. इनमें से किस तत्व की कमी से हड्डियॉ कमजोर पड़ जाती हैं?

a. विटामिन

b. प्रोटीन

c. कैल्सियम

d. कार्बोहाइड्रेट

उ . c .कैल्सियम

4. इनमें से कौन-सी हड्डी मस्तिष्क की रक्षा करती है?

a. पसली की हड्डी

b. कपाल की हड्डी

c. रीढ़ की हड्डी

d. पैर की हड्डी

उ. b. कपाल की हड्डी

**प्र. 2 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

1. मानव शरीर में कितनी हड्डियॉ पाई जाती हैं एवं उसे क्या कहते हैं?

उ. मानव शरीर में 206 हड्डियॉ पाई जाती हैं, उसे कंकाल कहते हैं। जो हमारे शरीर को आकृति प्रदान करती हैं।

2. ऊखल संधि में हड्डियॉ कैसी होती हैं ?

उ. ऊखल संधि में हड्डियॉ चारों तरफ मुड़ती हैं।

3. ऐसे जंतुओं के नाम लिखिए जिसके शरीर में हड्डियॉ नहीं होती हैं?

उ. मच्छर, मक्खी, केंचुआ, जोंक, क्रीमी जैसे जंतुओं के शरीर में हड्डियॉ नहीं होती हैं।

4. जब आप अपने हाथों की कोहनी के पास मोड़ते हों तो क्या पता चलता है?

उ. जब हम अपने हाथों की कोहनी के पास से मोड़ने पर पता चलता है कि कोहनी एक ही दिशा में मुड़ती है।

**प्र. 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

1. यदि तुम्हारे शरीर में हड्डीयाँ नहीं होती तो क्या होता?

उ. यदि हमारे शरीर में हड्डीयाँ नहीं होती तो शरीर खड़ा नहीं रह पता क्योंकि हड्डियॉ ही शरीर को आकार तथा आधार प्रदान करती हैं। हड्डियॉ हमारे शरीर के आतंरिक अंगों की रक्षा करती है। हड्डी के बिना मानव शरीर की कल्पना नहीं की जा सकती है।

2. हड्डियों में उपस्थित जोड़ कौन-कौन सी हैं, नाम लिखिए?

उ. हड्डियों में उपस्थित जोड़ निम्नलिखित हैं-

1. कब्ज़ा जोड़

2. कंदुक खालिका जोड़

3. सर्पी जोड़

4. घूर्णन जोड़

3. कब्ज़ा जोड़ किसे कहते हैं?

उ. कोहनी एवं घुटने पर की हड्डियॉ एक ही दिशा में मुड़ते हैं। जैसे दरवाजे का कब्ज़ा एक ही ओर खुलता है, इसलिए इसे कब्ज़ा जोड़ कहते हैं।

4. हमारे शरीर में पाई जाने वाली हड्डियों के नाम लिखिए?

उ. हमारे शरीर में कई प्रकार की हड्डियॉ होती हैं जैसे- रीढ़ की हड्डी, कंधे की हड्डी, कुल्हे की हड्डी, छाती की हड्डी, टांगों और पैरों की हड्डी आदि।

**प्र. 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

1. ऊखल संधि किसे कहते हैं?

उ. हमारी बांह की हड्डी ऊपरी गोलाकार सिरा कंधे के पास के गड्ढे में मूसल की तरह घूमती है, इसे ऊखल संधि कहते हैं।

2. मानव शरीर में हड्डियों के क्या कार्य हैं?

उ. हमारे शरीर में हड्डियों के निम्नलिखित कार्य है-

1. हड्डियॉ हमारे शरीर को आकार व आधार प्रदान करता है।

2. हड्डियॉ शरीर को हिलने-डुलने में मदद करती हैं।

3. हड्डियॉ हमारे शरीर के आतंरिक अंगों जैसे – ह्रदय, फेफड़ा, मस्तिष्क आँतों आदि नाजुक अंगों को बाहरी चोट लगने से बचाती हैं।

3. कब्ज़ा जोड़ के बारे में तुम क्या जानते हो ?उदाहरण सहित लिखो।

उ. कब्ज़ा जोड़ कोहनी और घुटने में पाई जाती हैं। यह जोड़ केवल एक ही दिशा में मुड़ता है। जैसे – दरवाजे में लगा कब्ज़ा केवल एक ही दिशा में खुलता है।



4. हड्डी टूट जाने पर क्या उपचार किया जाता है?

उ. यदि किसी की हड्डी टूट जाये तो प्राथमिक उपचार के रूप में उस स्थान को अधिक हिलाने-डुलाने नहीं दिया जाता। बल्कि उस स्थान को लकड़ी की पतली पट्टी से सीधा करके कसकर बाँध देते हैं। उसके बाद चिकित्सक के पास ले जाते हैं। डाक्टर उस स्थान पर लम्बा प्लास्टर लगा देते हैं। कुछ दिनों में यह हड्डी जुड़ जाती है।

## पाठ – 18

## हटरी

**प्रश्न (1) सही विकल्प चुन कर लिखिए :- अंक (1)**

प्र. (1) मोहन को मोबाईल लेना है वह इनमे से किस स्थान पर जायेगा ?

1. हटरी
2. बाजार
3. शहर कि दुकानों में
4. मेला

उत्तर:- (3) शहर कि दुकानों में

प्र. (2) बरसात के दिनों में जब बारिश हो रही हो तब हटरी किस तरह से लगाते है?

1. खुले मैदान में लगाते हैं
2. बंद कमरे में लगाते हैं
3. तिरपाल लगा कर बैठते है
4. घर-घर जा कर बेचते है

उत्तर:- (3) तिरपाल लगा कर बैठते है

प्र. (3) हटरी में आए दूकानदार होते है?

1. दूर स्थित शहरों से
2. आस-पास के गाँवों से
3. बड़े कारखानों से
4. माँल से

उत्तर:- (2) आस-पास के गाँवों से

प्र.(4) गाँव के स्थानीय बाजार को क्या कहते है ?

1. माँल

2. दुकान

3. हटरी

4. मेला

उत्तर:- (3) हटरी

**प्रश्न (2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- अंक (2)**

प्र. (1) हटरी किसे कहते है ?

उत्तर:- गाँव या कस्बों में छोटे रूप में बाजार लगता है, जहां हम अपनी जरूरतों का सामान खरीदते हैं, उसे हटरी कहते है ।

प्र. (2) हटरी में दूकान लगाने वाले लोग कहाँ-कहाँ से आते हैं?

उत्तर:- हटरी में दुकान लगाने वाले कुछ लोग अपने ही शहर के लोग होते हैं, कुछ लोग आस-पास के गाँव से आते हैं।

प्र. (3) उन चीजों की सूची बनाओ जो तुम्हारे घर में हटरी से लाते हैं?

उत्तर:- साग-सब्जियाँ, फल, जलेबी, चूड़ी, रिबन, आदि हमारे घर में हटरी से लाते हैं।

प्र. (4) हटरी में कौन-कौन सी वस्तुए मिलती है ?

उत्तर:- हटरी में सब्जी, फल, मनिहारी, रेडीमेड कपड़ा, खिलौने, मिट्टी के खिलौने एवं बर्तन कि दुकानें लगती हैं।

प्रश्न (3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- अंक- (3)

प्र. (1) जब खूब बरसात होती है तो हटरी लगाने में जो दिक्कते आती है अपने शब्दों में लिखिए ।

उत्तर- जब खूब बरसात होती है तो हटरी लगाने में अनेक दिक्कते होती है जैसे बरसात का पानी एवं कीचड़ से सब्जियां खराब हो जाती हैं। सामान को फैला के नहीं रख सकते इसे झिल्ली से ढँककर रखने पर बार-बार उड़ने लगती है ।

प्र. (2) हटरी नहीं लगने पर क्या-क्या परेशानियाँ होती है ?

उत्तर:- हटरी नहीं लगने पर निम्नलिखित परेशानियाँ होती :-

1. घरों में उपयोग कि जाने वाली चीजें जैसे- सब्जियाँ तथा खाने-पीने कि चीजें आसानी से नहीं मिलती।

2. हटरी नही लगने से एक साथ सामान न बेच सकते हैं और न ही खरीद सकते हैं ।

3. खिलौने, कपड़े, बर्तन खरीदने शहर जाना पड़ता।

प्र. (3) हटरी से क्या लाभ होते हैं?

उत्तर:- सप्ताह में एक दिन हटरी लगती है। सामान बेचने वाले अपने-अपने सामान को इकठ्ठे करके रखते हैं फिर उसे हटरी में बेचने के लिए ले जाते हैं। खरीदने वाले भी सप्ताह भर के लिए कुछ चीजें इकठ्ठा खरीद कर ले आते है। इससे दोनों के समय कि बचत होती है।

प्र. (4) बताईए हटरी में कौन-कौन सी चीजें मिलती है ?

| **ठण्ड में** | **गर्मी में** | **बरसात में** |
|---|---|---|
| चना बूट, चाना भाजी, तिंवरा भाजी, मटर,बेर, सीताफल, जाम आदि । | ककड़ी,खरबूज, कलिंदर, शकरकंद, आम आदि। | जामुन, भुट्टा, खीरा, तरोई आदि। |

प्रश्न (4) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- अंक-(5)

प्र. (1) क्या हटरी ठण्ड, बरसात और गर्मी में एक जैसे ही लगती है या कुछ फर्क होता है?

उत्तर- ठण्ड, बरसात और गर्मी में हटरी एक जैसी नहीं लगती है। इसमें कुछ फर्क होता है। ठण्ड में दुकानदार अपने सामान को ज्यादा फैलाकर रखते हैं। बरसात में पानी गिरने के कारण सामान को प्लास्टिक कि झिल्ली में ढक कर रखते हैं, बरसात में सड़क का पानी हटरी से होकर बहने लगता है, इसलिए सब्जियों तथा पानी में खराब होने वाली चीजों को ज्यादा फैलाकर नहीं रखते हैं। उसी प्रकार गर्मी में तेज धूप के कारण हटरी सुबह 7 से 11 बजे और शाम को 5 से 7 बजे तक लगती है। फल, सब्जियां भी धूप में सुख जाती हैं।

प्र. (2) गाँव के हटरी और शहर के बाजार में क्या अंतर है?

उत्तर-

| गाँव कि हटरी | शहर का बाजार |
|---|---|
| 1.हटरी सप्ताह में एक दिन लगता है। | 1.बाजार रोज लगता है। |
| 2. हटरी गाँव के बाहर मैदान में लगता है। | 2. शहर के बाजार शहर के बीच में स्थायी रूप से लगते है। |
| 3. हटरी में दैनिक जीवन कि चीजें कम मात्रा में बिकती है। | 3. शहर में बड़ी-बड़ी दुकाने होती है |
| 4. हटरी सुबह से लेकर शाम तक लगती है। | 4. शहर में बाजार रात तक लगा रहता है। |

प्र. (3) आप अपने यहाँ लगने वाले हटरी का अपने शब्दों में वर्णन करिए।

उत्तर- हमारे यहाँ हटरी शनिवार को लगती है। मैं अपनी माँ और बहन के साथ बाजार जाती हूँ। वहाँ हटरी सुबह से लेकर शाम तक लगता हैं। हटरी में सब्जी, फल, मिठाईयां, खिलौने और कपड़े बर्तन आदि मिलते है । मै औए मेरी दीदी अपने लिए चूड़ी, बिंदी खरीदते है। मेरी मौसी पास के गाँव में रहती है वो भी हटरी में मिलती हैं। हटरी में तरह-तरह की वस्तुएं देखने को मिलता है हटरी जाने में मुझे बहुत मजा आटा है।

प्र.(4) गाँवों में मड़ई मेला लगता है उसमे क्या-क्या होता है?

उत्तर- जिस तरह से साप्ताहिक हटरी लगती है उसी तरह हमारे गाँव में सालाना मड़ई मेला भी लगता है। उसमें दूर-दूर के लोग मेले का आनंद लेने आते हैं। राउत लोग अपने बाजे-गाजे के साथ राउत नाचा नाचते हुए मड़ई जाते हैं। यहाँ तरह-तरह की दुकानें- गन्ने, खिलौने, मिठाईयाँ, चाट,फोटो कि दुकानें आदि लगती है। अनेक प्रकार के झूले, नौटंकी, सर्कस वाले भी आते हैं। छोटे-बड़े सभी झूले का आनंद लेते हैं। मड़ई में अपने साथियों एवं रिश्तेदारों से मेल-मिलाप भी होता है।

## अध्याय 19

## दिव्यांगता अभिशाप नहीं

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-

1. पोलियो की दवा किसको पिलाई जाती है?

a. लड़कों को

b. लड़कियों को

c. बच्चों को

d. बूढ़ों को

उ . c .बच्चों को

2. दो बूँद जिंदगी के विज्ञापन निम्न में से किस से सम्बंधित है?

a. चेचक

b. रोटावाइरस

c. टिटनेस

d. पोलियो

उ . d. पोलियो

3. ब्रेल लिपि के जन्मदाता कौन हैं?

a. आइन्स्टीन

b. लुई पाश्चर

c. लुई ब्रेल

d. जहाँगीर भाभा

उ . c .लुई ब्रेल

4. लुई ब्रेल में अक्षरों को कैसे पढ़ा जाता है?

a. देखकर

b. छूकर

c. सुनकर

d. कंप्यूटर से

उ. b. छूकर

प्र. 2 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. पोलियो की खुराक किनको पिलाई जाती है?

उ. पोलियो से बचाने के लिए शून्य से छः साल तक के बच्चों को शासन द्वारा पोलियो की खुराक पिलाई जाती है।

2. दिव्यांगता का क्या कारण है?

उ. दिव्यांगता का कारण – जन्मजात बीमारियाँ, दुर्घटना, पोषक तत्वों की कमी, टीकाकरण का न होना हो सकता है।

3. किसी बच्चे को जन्म से सुनाई नहीं देता तो वह अन्य किस दिव्यांगता का शिकार हो जायेगा?

उ. किसी बच्चे को जन्म से सुनाई नहीं देता तो वह मूक बाधित दिव्यांगता का शिकार हो जायेगा।

4. आपकी कक्षा में कोई छात्र नेत्रहीन है, वह स्कूल में किस लिपि की सहायता से पढ़ाई करता है?

उ. कक्षा में कोई छात्र नेत्रहीन है वह स्कूल में ब्रेल लिपि की सहायता से पढ़ाई करता है।

प्र. 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. ब्रेल लिपि के जन्मदाता कौन थे?

उ. ब्रेल लिपि के जन्म दाता भी एक दृष्टि बाधित थे उनका नाम लुई ब्रेल था। लुई ब्रेल बचपन में खेलते हुए अपनी आँख खो चुके थे। लेकिन लुई ब्रेल के माता-पिता ने भी हिम्मत नहीं हारी। लुई के माता-पिता नहीं चाहते थे कि वह पढ़ाई में पीछे रहे और दूसरों पर निर्भर रहे।

2. रमेश के दिव्यांगता का क्या कारण था?

उ. रमेश को बचपन में ही पोलियो हो गया था। पोलियो के कारण उसकी एक टांग खराब हो गई थी। रमेश के दिव्यांग होने का कारण पोलियो था।


3. जो लोग सुन नहीं पाते वे कैसे अपने विचारों को दूसरों तक पहुंचाते हैं?

उ. जो लोग सुन नहीं पाते वे लोग अपने विचारों को इशारों के माध्यम से एक दूसरों तक पहुंचाते हैं। प्रत्येक वाक्य का एक विशेष इशारा होता है। सांकेविक भाषा के द्वारा ये अपने विचार दुसरों तक पहुँचाते हैं ।

4. हिंदी ब्रेल लिपि क्या है? उदहारण सहित बताइये।

उ. हिंदी वर्णमाला को अक्षरों में दर्शाया जाता है, यह हिंदी की ब्रेल लिपि है। इसमें कागज पर बिंदियों के उभार होते हैं, इन उभारों को दृष्टि बाधित छूकर पहचान पाता है।

उदाहरण: ब्रेल लिपि में छः बिंदिया होती हैं । एक दो या अधिक बिनियो को अलग – अलग तरह से जमाकर अक्षर बनाए जाते हैं। ब्रेल लिपि में मात्राऐ नहीं होती ।




| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ |
|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  |  |  |

प्र. 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. पल्स पोलियो अभियान क्या है?

उ. पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत टी.वी. में समाचार पत्र, रेडियो के माध्यम से विज्ञापन दिखाया जाता है। शून्य से छः साल तक के बच्चों को दो बूँद पोलियो की खुराक पिलाई जाती है। एक दिन शिविर लगाते हैं तथा दो दिन घर-घर घूम कर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पता लगाते हैं कि कोई बच्चा छूट तो नहीं गया।

2. लुई ब्रेल चीजों को कैसे पहचानता था?

उ. लुई ब्रेल को दिखाई नहीं देता था, तब वह चलते समय अपनी छड़ी को हवा में लहराते अगर उनकी छड़ी किसी चीज से टकराती तो वो रास्ता बदल लेते थे । लुई ब्रेल चीजों को उनकी खुशबू तथा आवाज से भी पहचान जाते थे ।

3. ब्रेल लिपि में पढ़ने व लिखने की विधि में क्या अंतर है और क्यों?

उ. ब्रेल लिपि में पढ़ते समय अक्षरों के उभार को बाएँ से दाएं पढ़ते हैं परन्तु लिखते समय अक्षरों को उल्टा लिखते हैं फिर पन्ने को पलटने पर यही अक्षर सीधा हो जाता है।

4. आप किसी दिव्यांग को सक्षम बनने के लिए कैसे प्रेरित कर सकते हो?

उ. हम किसी दिव्यांग की मदद करने के लिए उसे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। उसको हिम्मत दिलाएंगे। उसको इस लायक बनाएँगे कि वह अपने पैरों पर खड़े होकर स्वतन्त्र रूप से अपनी जिंदगी बसर कर सके।

## पाठ – 20

## सौर ऊर्जा

प्रश्न 1. सोलर कुकर के डिब्बों में कौन सा रंग लगाया जाता है ?

(अ) भूरा (ब) नीला

(स) काला (द) लाल

उत्तर - (स) काला

प्रश्न 2. सोलर कुकर में दर्पण क्यों लगाते हैं ?

(अ) सूर्य का प्रकाश अंदर रखे डिब्बों पर पड़े।

(ब) सूर्य का प्रकाश अंदर रखे डिब्बों पर न पड़े।

(स) सूर्य का प्रकाश अंदर रखे डिब्बों पर न पड़े।

(द) सूर्य का प्रकाश बाहर निकल जाए।

उत्तर - (अ) सूर्य का प्रकाश अंदर रखे डिब्बों पर पड़े।

प्रश्न 3. सोलर कुकर का उपयोग करना किस मौसम में कठिन होता है ?

(अ) बरसात (ब) सर्दी

(स) गर्मी (द) बसंत ऋतु

उत्तर - (अ) बरसात

प्रश्न 4. L . P. G कैरोसिन, लकड़ी, कोयला तथा कंडे में से कौन सा ईंधन अधिक आसानी से उपयोग किया जाता है?

(अ) कंडे (ब) कोयला

(स) लकड़ी (द) L . P. G

उत्तर - (द) L . P. G

प्रश्न 5.  सौर उर्जा किसे कहते हैं ?

उत्तर -  सूर्य से प्राप्त होनी वाली उर्जा को सौर उर्जा कहते है।

प्रश्न 6.  मिलान करो -:

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| 1. सोलर कुकर | बिजली बनाना |
| 2. सोलर सेल | खाना बनाना |

उत्तर -

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| 1. सोलर कुकर | खाना बनाना |
| 2. सोलर सेल | बिजली बनाना |

प्रश्न 7.  सोलर पैनल का चित्र बनाइए।

उत्तर -



प्रश्न 8. गर्मी के दिनों में सफेद कपड़े तथा काले कपड़े में से कौन – सा कपड़ा पहनना अधिक उपयुक्त है ?

उत्तर - गर्मी के दिनों में सफेद कपड़ा पहनना अधिक उपयुक्त है क्योंकि इससे गर्मी कम लगती है।

प्रश्न 9. सोलर कुकर के डिब्बों में काला रंग क्यों लगाया जाता है ?

उत्तर - सोलर कुकर के डिब्बों में काला रंग लगाया जाता है, क्योंकि काला रंग गर्मी को अच्छी तरह से सोखता है। यह ऊष्मा का शोषक होता है।

प्रश्न 10. सूर्य की गर्मी से और क्या – क्या काम संभव हैं ?

उत्तर - (1) सूर्य की गर्मी से गिले कपड़े सूखते हैं।

(2) सूर्य की गर्मी के कारण हवाएँ चलती हैं।

(3) सूर्य की गर्मी के कारण ही वर्षा होती हैं।

प्रश्न 11. सौर ऊर्जा के कोई – 3 उपयोग लिखो।

उत्तर - (1) सौर ऊर्जा से खाना पका सकते हैं।

(2) सोलर पैनल से बिजली बना सकते हैं।

(3) सौर ऊर्जा से कैलकुलेटर, मोबाईल भी चला सकते हैं।

प्रश्न 12. गर्मी के दिनों में एवं बरसात के दिनों में सोलर कुकर के प्रयोग की तुलना कीजिए ?

उत्तर - गर्मी के दिनों में सोलर कुकर में खाना आसानी से जल्दी बन जाता है। बरसात के दिनों में सूर्य की गर्मी नही मिलते के कारण खाना जल्दी नही बन पाता है।

प्रश्न 13. सौर पैनल क्या है ? कैसे बनाते हैं ?

उत्तर - सौर पैनल -: बहुत सारे सेलों को एक साथ जोड़कर सौर पैनल बनाते है। सूर्य से बिजली बनाने के लिए ऐसे सेल बनाए गए है, जो सूर्य के प्रकाश को बिजली में बदल देते है। सौर पैनल को मकानों की छत पर या ऐसी जगह लगाते हैं, जहाँ सूर्य की किरण ज्यादा – से – ज्यादा मिल सके।

प्रश्न 14. सोलर कुकर से क्या – क्या पका सकते हैं ?

उत्तर - सोलर कुकर से दाल, भात, खिचड़ी, इडली, केक, सब्जी आदि बना सकते हैं।

प्रश्न 15. सोलर कुकर का नामांकित चित्र बनाइए है ?

उत्तर -



प्रश्न 16. सोलर कुकर के माडल बनाने की प्रक्रिया का विस्तृत वर्णन कीजिए।

उत्तर - आवश्यक सामग्री -: गत्ते का डिब्बा, काला वार्निश, धातु के डिब्बे, दर्पण, पारदर्शक प्लास्टिक शीट.

बनाने की विधि -: एक गत्ते का मजबूत खाली खोखा लो। उसके अंदर काला कर दो। इसमें आ सकने वाले चार धातु के डिब्बे लो। इन पर बाहर की ओर काला वार्निश कर दो।

## अध्याय 21

## तालागांव

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-

1. तालागांव मंदिर का निर्माण 1500साल पहले हुआ, यह जानकारी कहाँ से प्राप्त हुई-

a. शिलालेख

b. खुदाई से प्राप्त सिक्कों से

c. जनश्रुति से

d. उपग्रह द्वारा खींचे गए चित्रों से

उ . a .शिलालेख

2. देवरानी-जेठानी मंदिर किससे बना हुआ है?

a. ग्रेनाईट पत्थरों से

b. संगमरमर पत्थरों से

c. लाल बलुआ पत्थरों से

d. कोटा पत्थरों से

उ . c .लाल बलुआ पत्थरों से

3. तालागाँव कौन से जिले में स्थित है?

a. रायपुर

b. बिलासपुर

c. जबलपुर

d. जगदलपुर

उ . b .बिलासपुर

4. तालागांव में शिव मूर्ति में कितने मुख हैं?

a. 8 मुख

b. 7मुख

c. 4मुख

d .10 मुख

उ. d. 10 मुख

प्र. 2 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. तालागांव में स्थित शिव की मूर्ति पूरे भारत में सबसे अलग क्यों है?

उ. तालागांव में स्थित शिव की मूर्ति पूरे भारत में सबसे अलग इसलिए है, क्योंकि इस मूर्ति के 10 मुख हैं।

2. तालागांव के मंदिरों को बनाने के लिए कौन से पत्थर का प्रयोग किया गया था?

उ. तालागांव के मंदिरों को बनाने के लिए लाल बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया था।

3. तालागांव में कौन से प्रसिद्ध मंदिर का अवशेष प्राप्त हुआ?

उ. तालागांव में देवरानी-जेठानी दो प्रसिद्ध मंदिरों के अवशेष प्राप्त हुए।

4. तालागांव स्थित शिव मूर्ति की क्या विशेषता है?

उ. तालागांव स्थित शिव मूर्ति की विशेषता यह शिव मूर्ति 9 फिट लंबी 4 फीट चौड़ी, 2.5 फीट मोटी है और इसका वजन 5 हजार किलोग्राम है। यह मूर्ति एक ही पत्थर को तराशकर बनाई गई है ।

प्र. 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. तालागांव के मंदिरों का निर्माण कब हुआ था?

उ. तालागांव मंदिर के शिलालेखों पर जानकारी लिखी हुई है, इसके अनुसार इनका निर्माण लगभग 1500 साल पहले हुआ था। इन मंदिरों को बनाने में लाल बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है।

2. जेठानी मंदिर की क्या विशेषता है?

उ. देवरानी मंदिर में शिव मूर्ति है। वैसे देवरानी-जेठानी मंदिर शिव मंदिर ही था। अब जेठानी मंदिर पूरी तरह से खँडहर हो चुका है। खंडहरों के मलबे की सफाई के दौरान पत्थर से बने रूद्र शिव की विशालकाय एवं अद्भुत प्रतिमा भी प्राप्त हुई है।

3. क्या आजकल के मूर्तिकार भी मूर्तियों में जीव-जंतुओं के चित्र उकेरते हैं?

उ. हाँ, आजकल के मूर्तिकार भी मूर्तियों में जीव-जंतुओं के चित्र उकेरते हैं जैसे शिव में नाग की, गणेशजी में चूहे की, दुर्गा जी में बाघ, विष्णुजी में गरुड़ का चित्र उकेरते हैं।

4. तालागांव में मेला कब लगता है?

उ. तालागांव में महाशिवरात्रि के समय हर साल दिन भर का मेला लगता है। इस मेले में आस-पास के हजारों श्रद्धालु आते हैं। यहाँ विशालकाय रूद्र शिव की अद्भुत मूर्ति को देखने देशविदेश से बहुत संख्या में पर्यटक हर साल आते हैं। मनियारी नदी के तट पर बसा होने के कारण यहाँ का प्राकृतिक सौन्दर्य बहुत मनोरम है।

प्र. 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. तालागांव के शिव प्रतिमा में विभिन्न जीव-जंतुओं की आकृतियाँ क्यों बनाई गई हैं?

उ. इसके संभवतः दो कारण हो सकते हैं, पहला यह कि शिव को पशुपति कहा जाता है, जिसका अर्थ है वे सभी पशु पक्षियों के स्वामी हैं। इसी कल्पना से मूर्तिकार ने शिवमूर्ति पर विभिन्न जीव-जंतुओं की आकृतियाँ उकेरी होंगी। दूसरा ये कि ये जीव भी प्रकृति के अंश हैं और हम इन्हें भी सुरक्षित रखें। इस बात को ध्यान में रखकर मूर्तिकार ने विभिन्न जीव-जंतुओं की आकृतियाँ बनाई होंगी।

2. तालागांव की मूर्ति में ऐसी क्या बात है कि यह पूरे भारत की शिव मूर्ति से अलग है?

उ. तालागांव की मूर्ति की खासियत है कि यह पूरे भारत की शिव मूर्तियों से अलग है। इसमें 10 मुख हैं। प्रत्येक मुख की बनावट अलग-अलग है। इन मुखों पर नाग, मोर, गिरगिट, मछली, केकड़ा, सर्प आदि जंतुओं की आकृति को उकेरा गया है। यह मूर्ति 9 फीट लम्बा, 4 फीट चौड़ा और 2.5 फीट मोटा है। इसका वजन 5 हजार किलोग्राम है। यह मूर्ति एक ही पत्थर को तराश कर बनाई गयी है।

3. छत्तीसगढ़ में और कौन-कौन सी ऐसी पुरानी जगहें हैं उनके बारे में पता करो और लिखो।

उ. छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला में कुटुमसर की गुफा है, जो चूने से बना है। दंतेवाडा में डंकिनी-शंखिनी नदी के संगम पर दंतेश्वरी देवी का मंदिर है। डोंगरगढ़ में बमलेश्वरी देवी का मंदिर है। चंपारण में जैन तीर्थंकर स्वामी वल्लभाचार्य जी की मूर्ति है। रतनपुर में महामाया देवी एवं रामटेक मंदिर दर्शनीय है। कवर्धा में भोरम देव का मंदिर है।

## पाठ-22

## परिवहन

प्रश्न (1) सही विकल्प चुनकर लिखिए :-अंक(1)

प्र.(1) वाहनों के कारण इनमे से कौन-सा प्रदूषण बढ़ रहा है?

1. ध्वनि प्रदूषण
2. वायु प्रदूषण
3. जल प्रदूषण
4. ध्वनि एवं वायु प्रदूषण दोनों

उत्तर- (4) ध्वनि एवं वायु प्रदूषण दोनों

प्र.(2) आप रायपुर से मुंबई जाना चाहते हैं तो सबसे कम समय में किस वाहन से पहुँचेंगे ?

1. हवाई जहाज
2. जल जहाज
3. रेलगाड़ी
4. बैलगाड़ी

उत्तर- (1) हवाई जहाज

प्र. (3) हम दुर्ग से रेलगाड़ी में यात्रा कर रहे हैं, इस बीच इनमे से कौन-सा रेलवे स्टेशन पडेगा?

1. रायपुर
2. बिलासपुर
3. भिलाई
4. दुर्ग

उत्तर- (3) भिलाई

प्र.(4) विदेशों से भारत में पेट्रोलियम लाने के लिए किस परिवहन का उपयोग किया जाता है?

1. जल परिवहन

2. रेल परिवहन

3. हवाई परिवहन

4. सड़क परिवहन

उत्तर- (1) जल परिवहन

प्रश्न (2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- अंक-(2)

प्र.(1) सड़क के किनारे लगे पत्थरों (माइल स्टोन) में ऊपर के हिस्से पर बनी पट्टी में राजकीय राजमार्ग को किस रंग में दिखाया जाता है?

उत्तर- सड़क के किनारे लगे पत्थरों (माइल स्टोन) में ऊपर के हिस्से पर बनी पट्टी में राजकीय राजमार्ग को हरा रंग में दिखाया जाता है।

प्र.(2) छत्तीसगढ़ राज्य में हवाई अड्डा कहाँ हैं?

उत्तर- छत्तीसगढ़ राज्य में हवाई अड्डा रायपुर शहर (माना) में स्थित है।

प्र.(3) छत्तीसगढ़ के दो प्रमुख राजमार्गो के नाम लिखिए ।

उत्तर - छत्तीसगढ़ के दो प्रमुख राजमार्गो के नाम निम्नलिखित है:-

1. रायपुर से बिलासपुर
2. रायपुर से राजनांदगांव

प्र.(4) रायपुर जिले में वहान कोड नंबर क्या है?

उत्तर- रायपुर जिले में वाहन कोड नंबर CG -04 है।

प्रश्न (3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- अंक(3)

प्र.(1) रायपुर से कहा के लिए हवाई जहाज से यात्रा कि जा सकती है?

उत्तर- रायपुर से दिल्ली, कोलकत्ता, मुंबई, चेन्नई, भोपाल, इंदौर, हैदराबाद, बैंगुलुर, पूना, इलाहाबाद, जम्मूकश्मीर, अहमदाबाद, इम्फाल, गोवाहाटी, विशाखापट्नम तक हवाई जहाज यात्रा कि जा सकती है।

प्र.(2) हवाई जाहज से यात्रा करने में क्या-क्या फायदे हैं?

उत्तर- हवाई यात्रा के लाभ :-

1. हवाई जहाज से यात्रा करने में समय कि बहुत बचत होती है ।

2. कम समय में काफी दूर कि यात्रा कि जा सकती है ।

3. आपातकाल के समय तुरंत राहत सामग्री पहुँच हाती है।

प्र.(3) राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय मार्ग तथा गाँव से शहर को जोड़ने वाली सड़क में क्या अंतर है ?

उत्तर – राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़के चौड़ी और पक्की डामरीकरण वाली होती है। राजकीय राजमार्ग कि सड़क कम चौड़ी तथा पक्की गिट्टी डामर से बनी होती है । गाँव से शहर को जोड़ने वाली सड़क गिट्टी-मुरूम और कच्चा रास्ता होता है।

प्र.(4) भारत के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग के बारे जानकारी पता करके लिखो।

उत्तर- भारत के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग:-

1. अमृतसर से कोलकत्ता मार्ग,

2. मुंबई से चेन्नई मार्ग,

3. आगरा से मुंबई मार्ग

प्रश्न (4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- अंक(5)

प्र.(1) रेल कि टिकट से हमें क्या-क्या जानकारिया मिलती हैं ?

उत्तर- रेल कि टिकट से हमें निम्म्लिखित जानकारिया मिलती हैं:-

1. ट्रेन का नम्बर।

2. यात्रा शुरू करने का तारीख।

3. जिस स्थान में आपको जाना है।

4. वहाँ पहुँचाने कि तारीख।

बर्थ का नंबर।

प्र. (2) पट्रोल और डीजल, कैसे बनते हैं?

उत्तर – ये जमीन के बहुत नीचे पेड़-पौधे, जीव-जंतु के दबने से धीरे-धीरे कई सालों में बनते रहते हैं। जब ये जमीं के अन्दर होते हैं तब ये गाढ़े बदबूदार तेल के रूप में होते हैं। वैज्ञानिक उन स्थानों का पता लगाते हैं जहां जमीं के नीचे तेल मौजूद होता है। फिर बड़ी-बड़ी पाइप व मशीनों कि सहायता से तेल निकाला जाता है । इसी तेल को साफ़ कर पेट्रोल, डीजल, केरोसीन, खाना पकाने कि गैस, ग्रीस आदि बनाए जाते हैं।

प्र.(3) रेलगाड़ी से यात्रा करते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

उत्तर- रेलगाड़ी से यात्रा करते समय हमें निम्म्लिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए?

1. रेलगाड़ी में बिना टिकट यात्रा नहीं करनी चाहिए।

2. जिस बोगी का टिकट लिए है उसी बोगी में बैठना चाहिए।

3. अपने बर्थ के आस-पास गन्दगी नहीं करनी चाहिए।

4. किसी भी स्टेशन में उतर के पानी नहीं लेना चाहिए।

5. अपने शरीर का कोई भी अंग को खिड़की से बहार नहीं निकालना चाहिए।

प्र.(4) जल परिवहन का मुख्य साधन क्या हैं?

उत्तर- जल परिवहन का मुख्य साधन समुद्री जहाज है । बड़ी नदियों में बड़ी नावे एवं जल जहाज आदि चलते है। इनके दवारा यात्री व सामान नदी के किनारे बसें गाँवों व शहरों तक पहुचाया जाता है। समुद्र के किनारे रहने वाले लोगों के यातायात का साधन समुद्रीय जलमार्ग है। एक देश से दूसरे देश में आने-जाने के लिए पानी के जहाज का बहुत उपयोग होता हैं। हमारे देश से भी कई सामान जैसे- चाय, फल आदि समुद्र मार्ग से जहाज़ों द्वारा भेजे जाते हैं। दूसरे देश से कई तरह के सामानों को समुद्रों के रास्ते से लाते हैं जैसे- पट्रोल।

## अध्याय 23

## गोवा की सैर

प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. गोवा में इनमें से कौन-सा फल अधिक होता है?

a. अमरुद b. नारियल

c. सेब d. चीकू

उ .b. नारियल

2. गोवा का मौसम कैसा रहता है?

a. गर्म b. ठण्डा

c. रात में उमस दिन में ठंडी d. दिन में उमस रात में ठंडी

उ . d .दिन में उमस रात में ठंडी

3. समुद्री बीच में क्या होता है?

a. कम ढाल वाला किनारा b.अधिक ढाल वाला किनारा

c. ऊबड़-खाबड़ किनारा d. रेत वाला किनारा

उ . a .कम ढाल वाला किनारा

4. गोवा की राजधानी है-

a. इम्फाल

b. पणजी

c. त्रिवेंद्रम

d. चेन्नई

उ . b .पणजी

प्र. 2 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. गोवा में कौन सी भाषा बोली जाती है?

उ. गोवा में कोंकणी भाषा बोली जाती है।

2. मेंग्रोव क्या है?

उ. गोवा समुद्री तट पर अनोखी वनस्पति पाई जाती है, इसे मेग्रोव कहते हैं।

3. गोवा के लोग अपना घर किससे बनाते हैं?

उ. गोवा के लोग अपना घर लकड़ी, बांस और नारियल की पत्तियों से बनाते हैं।

4. गोवा का मौसम कैसा रहता है?

उ. गोवा का मौसम सम-शीतोष्ण रहता है।

प्र. 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. मछलियों का तेल कैसे निकाला जाता है? इस तेल का क्या उपयोग है?

उ. गोवा की महिलाएं समुद्र के किनारे मछलियों की छंटाई करती हैं। इसके बाद मछलियों को बाज़ार में बेचा जाता है। यह वहां का मुख्य धंधा है। मछलियों को सुखाकर उनका तेल निकाला जाता है, जिसका उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है।

2. गोवा का मुख्य व्यावसाय क्या है, लिखो।

उ. गोवा के लोग अधिकतर मछली पकड़ते हैं चावल, काली मिर्च, मसाले, नारियल, आम और काजू व केलों की खेती करते हैं। नारियल के रेशों से रस्सी, टोकरी, चटाई और झाड़ू बनाते हैं।

3. गोवा के समुद्री तट पर पाई जाने वाली वनस्पति को क्या कहते हैं? इसकी क्या विशेषता है?

उ. गोवा के समुद्री तट पर कुछ अनोखी वनस्पति पाई जाती है। इसे में ग्रोव कहते हैं, यह वनस्पति समुद्र के खारे पानी में ही पनपती है। इसकी जड़ें नुकीली दलदल से ऊपर की ओर निकली होती हैं। इसके फल जिस समय पेड़ पर लगे रहते हैं उनमें तभी अंकुरण फूट पड़ता है।

4. भारत के किन-किन राज्यों में समुद्री तट है, जहाँ पर्यटक आते हैं?

उ. भारत के गुजरात, महाराष्ट्र, कर्णाटक, केरल, तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश, उड़ीसा, प.बंगाल में समुद्री तट हैं, जहां पर्यटक आते हैं।

प्र. 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. ‘समुद्री बीच ’किसे कहते हैं?

उ. समुद्र का वह किनारा जो कम ढाल वाला होता है तथा जहां समुद्र की लहरें कम ऊंची उठती हैं, उस जगह को 'बीच' कहते हैं। वहां हमेशा लोगों की बहुत चहल-पहल रहती है। लोग समुद्र में नहाते हैं तथा किनारे पर खेलते हैं। कालीकट यहाँ का प्रसिद्ध बीच है, जहाँ कॉफी रौनक होती है।

2. इस पाठ से गोवा के बारे में क्या-क्या जाना? संक्षेप में लिखिए।

उ. गोवा की पांच विशेषता –

1. गोवा भारत का एक छोटा राज्य है।

2. इसकी राजधानी पणजी है।

3. यहाँ का समुद्री तट सैर सपाटे के लिए प्रसिद्ध है।

4. यहाँ बहुत बड़ा सेंट जेवियर गिरिजाघर है।

5. यहाँ का समुद्री तट कॉफी लंबा और रेतीला है।

3. गोवा एवं छत्तीसगढ़ के मौसम में क्या अंतर है?

उ. गोवा का मौसम बहुत अच्छा रहता है। वहां न तो अधिक गर्मी पड़ती है और न अधिक सर्दी। दिन में उमस होती है और रात का मौसम ठण्डा हो जाता है। यहाँ वर्षा भी अधिक होती है। छत्तीसगढ़ भारत के बीच में होने के कारण न यहाँ अधिक गर्मी पड़ती है न अधिक सर्दी। दिन की अपेक्षा रात में मौसम ठण्डा रहता है। यहाँ वर्षा कहीं अधिक तो कहीं कम होती है। वन क्षेत्र और पहाड़ी इलाके में अधिक वर्षा होती है।

4. गोवा का संक्षिप्त परिचय अपने शब्दों में लिखिए।

उ. गोवा भारत का एक छोटा राज्य है। गोवा में उत्तरी गोवा व दक्षिणी गोवा नाम के दो जिले हैं, जिनमें कोंकणी व मराठी भाषाएँ बोली जाती हैं। मर्मगाओ व मड़गांव, गोवा के प्रमुख शहर हैं। गोवा में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर गाँव बसे हुए हैं। घरों को बनाने में लकड़ी, बांस व नारियल की पत्तियों को काम में लिया जाता है। गोवा की राजधानी 'पणजी' है।

## अध्याय - 24

# लुई पाश्चर

प्रश्न 1. लुई पाश्चर का जन्म कब हुआ था?

(अ) 28 दिसंबर 1821 (ब) 27 दिसंबर 1822

(स) 23 सितंबर 1823 (द) 24 सितंबर 1824

उत्तर - (ब) 27 दिसंबर 1822

प्रश्न 2. आप पागल कुत्ते को कैसे पहचान सकते हैं?

(अ) वह ज्यादा भौंकता है। (ब) वह ज्यादा दुम हिलाता है।

(स) वह काटता तथा लार टपकता है। (द) वह दौड़ता है।

उत्तर - (स) वह काटता तथा लार टपकता है।

प्रश्न 3. पुराने जमाने में लुहार पागल कुत्ते का इलाज कैसे करता था?

(अ) गर्म सलाख से दाग कर। (ब) चाकू से काट कर

(स) कील गड़ा कर (द) सुई चुभो कर

उत्तर - (अ) गर्म सलाख से दाग कर।

प्रश्न 4. टीका क्यों लगाया जाता है?

(अ) सुंदर दिखने के लिए

(ब) नजर लगने से बचाने के लिए

(स) धार्मिक आस्था के लिए

(द) बीमारी से बचाव के लिए

उत्तर - (द) बीमारी से बचाव के लिए

प्रश्न 5. लुई पाश्चर किस देश के निवासी थे?

उत्तर - लुई पाश्चर फ्राँस नामक देश का निवासी था।

प्रश्न 6. लुई पाश्चर का मन पेरिस में क्यों नहीं लगा?

उत्तर - लुई पाश्चर का मन पेरिस में नहीं लगता था क्योंकि उसे वहाँ अपने घर, गाँव और माता-पिता की याद हर समय सताती रहती थी।

प्रश्न 7. लुई पाश्चर अपना प्रयोग किन किन जानवरों पर आजमाते थे?

उत्तर - लुई पाश्चर अपना प्रयोग पहले खरगोश फिर पागल कुत्ते पर आजमाते थे।

प्रश्न 8. क्या आप लुई पाश्चर को मानव का मुक्तिदाता कह सकते हैं?

उत्तर - जी हाँ, हम लुई पाश्चर को मानव का मुक्तिदाता कह सकते हैं क्योंकि उन्होंने ऐसे रोग की दवा खोजी थी जिस रोग से मृत्यु निश्चित थी। उन्होंने लोगों को मृत्यु से मुक्ति दी इसलिए वे मानव के मुक्तिदाता हैं।

प्रश्न 9. टीका किसे कहते हैं?

उत्तर - टीका – टीका उस दवा को कहते हैं जो बीमारी होने के पहले ही उससे बचाव के लिए हमें दिया जाता है। जैसे – टिटनेस और मिसेल्स के टीके आदि।

प्रश्न 10. क्या सड़ी-गली वस्तुओं, में कीटाणुओं को पैदा करने की शक्ति होती है?

उत्तर - नहीं, सड़ी-गली वस्तुओं में कीड़ो और कीटाणुओं को पैदा करने की शक्ति नहीं होती है, बल्कि ये कीड़े और कीटाणु माँस, फल, सब्जी, और अन्य वस्तुओं में हवा के द्वारा प्रवेश करते हैं और उन्हें सड़ा देते हैं।

प्रश्न 11. बचपन में लगने वाले किन्ही तीन टीकों के नाम लिखो।

उत्तर - बचपन में लगने वाले टीके –

(1) बी.सी.जी का टीका

(2) डी.पी.टी का टीका

(3) खसरा का टीका

प्रश्न 12. पागल कुत्ते और सामान्य कुत्ते में क्या अंतर दिखाई देता है?

उत्तर - सामान्य कुत्ता स्वस्थ होता है। उसे पहले से ही टीके लगे होते हैं। वह अपने मालिकों से स्नेह करता है। वह मालिकों का वफादार होता है। पागल कुत्ता अपने मालिकों को भी काट लेता है। उसके मुँह से लार टपकते रहता हैं। उसे कोई टीका भी नहीं लगा होता है।

प्रश्न 13. लुई पाश्चर की प्रसिद्धि का कारण लिखिए।

उत्तर - लुई पाश्चर – लुई पाश्चर 19वीं शताब्दी के एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने पागल कुत्तों के काटने से इंसानों को होने वाली बीमारी का इलाज खोजा। वे एंटी रेबीज वैक्सीन के द्वारा लोगों का ईलाज करते थे इसलिए वे संसार में बहुत प्रसिद्ध हुए। उन्होंने पास्चुराइजेशन की क्रिया को भी खोजा। जिसमें दूध को 60o तक गर्म कर कीटाणु रहित किया जाता है। अत: लुई पाश्चर की प्रसिद्धि का कारण एंटी रेबीज वैक्सीन की खोज और पास्चुराइजेशन की प्रकिया की खोज है।

प्रश्न 14. पागल कुत्ते के काटने से मरीज में कौन-कौन से लक्षण दिखाई देते हैं?

उत्तर - पागल कुत्ता बहुत ही खतरनाक होता है। वह काट ले, तो कुछ दिन तो आदमी को पता ही नहीं चलता, लेकिन उसका विष अंदर ही अंदर अपना काम करता है। मरीज की तबियत खराब होने लगती है। उसके सिर में दर्द होता है। मरीज बहुत अधिक बातें करने लगता है। उसकी प्यास बढ़ जाती है। वह पानी पीना चाहता है लेकिन पानी गटक नहीं पाता। मरीज पानी से डरने लगता है। वह कुत्ते की तरह भौंकने लगता है। गले से शुरू हो कर धीरे-धीरे उस का शरीर अकड़ने लगता है। अंधेरे और एकांत में रहना पसंद करता है।

प्रश्न 15. कुत्ते के काटने पर आप क्या करेंगे?

उत्तर - कुत्ते के काटने पर सबसे पहले यह देखना चाहिए कि काटे हुए व्यक्ति के खून का संपर्क कुत्ते के थूक से हुआ है या नहीं। फिर यह पता करना पड़ता है की कुत्ता पागल है या नहीं। यदि कुत्ता पागल नहीं है तो डरने की जरूरत नहीं। कुत्ते को टीके लगे हैं या नहीं यह भी जानना जरूरी है। कुत्ते के काटने पर कुत्ते को 10 दिन बांधकर रखना तथा ध्यान देना जरूरी है।

काटे हुए व्यक्ति को टीके लगवाना जरूरी है। जहाँ कुत्ते ने काटा है उस घाव को तुरंत साफ पानी और साबुन से धो लेना चाहिए। उस व्यक्ति को टिटनेस का टीका लगाना चाहिए।

प्रश्न 16. आपको प्राचीन काल में और वर्तमान काल में कुत्ते के काटने के इलाज में किस तरह का अंतर दिखाई देता है?

उत्तर - प्राचीन काल में कुत्ते के काटने का ईलाज –

1) प्राचीन काल में लुहार लोहे की सलाख को गर्म कर के लाल करना तथा रोगी के जख्म को जला देता। यह अत्यंत पीड़ादायक था। कभी-कभी रोगी की जख्म जलाने से मृत्यु हो जाती थी।

2) बुजुर्ग लोग 5 ग्राम इमली के बीज के सफेद भाग का पाउडर तथा 5 लहसुन की कलियां कूट कर, दोनों को मिला कर काटे स्थान में लगाते थे।

वर्तमान काल में कुत्ते के काटने का ईलाज – वर्तमान काल में कुत्ते के काटने का बहुत ही सरल व सहज ईलाज है। डाक्टर कुत्ते के काटने पर एंटी रेबीज का टीका मरीज को लगा देते हैं। घाव सूखने की दवा दे देते हैं।

# अध्याय 25

## बीजों का सफ़रनामा

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-

1. आपने इमारतों या किलों की दीवारों में पीपल के पौधे उगे हुए देखा है, ये कैसे पहुँच जाते होंगे?

a. मनुष्य द्वारा

b. छिपकलियों द्वारा

c. पानी द्वारा

d. पक्षियों द्वारा

उ . d .पक्षियों द्वारा

2. शीशम के बीज का बिखराव हवा द्वारा होता है, इसका क्या कारण है?

a. बीज भारी होते हैं

b. बीज गीले होते हैं

c. बीज हल्के होते होते हैं

d. बीज का आकार बड़ा होता है

उ . c. बीज हल्के होते हैं।

3. कांटेदार बीजों का बिखराव प्रायः किसके द्वारा होता है?

a. हवा द्वारा

b. जानवरों द्वारा

c. पानी द्वारा

d. फट कर

उ . b .जानवरों द्वारा

4. बीजों के बिखराव के संबंध में गलत कथन कौन-सा है?

a. हवा से फैलते हैं

b. जानवरों से फैलते हैं

c. आग से फैलते हैं

d. पानी से फैलते हैं

उ . c .आग से फैलते हैं

प्र. 2 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. बीजों का सफरनामा किसे कहते हैं?

उ. बीजों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँच जाना ही बीजों का सफरनामा है।

2. पंखनुमा फल या बीज के नाम लिखो?

उ. बीज – मूंगा, अर्जुन (कहवा)

फल – कमरस, खजूर

3. कौन से बीजों का बिखराव हवा के द्वारा होता है?

उ. हलके और रोएंदार बीजों का फैलाव (बिखराव) हवा के द्वारा होता है।

4. कांटेदार बीज किस पौधे के होते हैं?

उ. अरंडी, गोखुरू, बघनखा, चिड़चिड़ा पौधों के बीज कांटेदार होते हैं।

प्र. 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. किसान मक्के के पौधों को पास-पास उगा देगा तो मक्के के फसल पर क्या असर पड़ेगा?

उ. किसान मक्के के पौधों को पास-पास उगाने लगा तो पौधों को बढ़ने के लिए जगह नहीं मिलेगी। पौधों को पानी, खनिज तथा सूर्य का प्रकाश ठीक से नहीं मिलेगा। इससे फसल कम होगा।

2. बताओ कि इमारतों ,किलों और कुओं की दीवारों पर पीपल ,बरगद आदि के पौधे कैसे उग आते हैं?

उ. पीपल और बरगद के बीज बहुत (बारीक) छोटे-छोटे होते हैं। ये बीज हवा और पानी के कारण, पक्षियों के बीट से इमारतों किलों और कुँए की दीवारों तक पहुँच जाते हैं। वहां उन्हें मिट्टी, पानी, खनिज और सूर्य का प्रकाश मिल जाता है। इस कारण ये पौधे उग आते हैं।

3. फुंड़हर के बीज का चित्र बनाओ।

उ.



फुंड़हर

4. ऐसे कौन से बीज या फल हैं जो जानवरों के शरीर पर चिपक जाते हैं?

उ. गोखुरू या बघनक्खा के कांटेदार फल देखे होंगे। ये कांटेदार फल गाय, भैंस बकरी के शरीर और पूंछ में उलझ जाते हैं। जानवर जहां भी जाएं, ये बीज उनके साथ-साथ वहां पहुँच जाते हैं। कुछ फलों में कांटेदार हुक होते हैं। इन हुकों की मदद से जानवरों के बालों आदि में अटक जाते हैं।

प्र. 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. पानी में बहकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने वाले फल का वर्णन करो ,कोई एक?

उ. आमतौर पर नारियल के पेड़ समुद्र के किनारे होते हैं और नारियल के फल समुद्र की लहरों के साथ बहकर हजारों किलोमीटर का फासला तय कर लेते हैं। नारियल के फल पर जो रेशा होता है इसकी मदद से नारियल पानी में तैरते हुए एक जगह से दूसरे जगह तैरकर चला जाता है।

2. बीजों के फैलाव से क्या लाभ हैं?

उ. बीजों से नए पौधे पैदा होते हैं। वे ही पौधों को जन्म देते हैं। नए पौधों की वृद्धि तथा जाति को आगे चलाने के लिए बीजों का फैलाव अनिवार्य है। पौधे काफी संख्या में बीज पैदा करते हैं। यदि पौधों के सभी बीज मिट्टी में गिरकर अंकुरित हो जाएँ तो शक्तिशाली पौधे बच जायेंगे और निर्बल पौधे नष्ट हो जायेंगे, अतः पौधों की स्वस्थ वृद्धि के लिए बीजों का फैलाव आवश्यक है।

3. बीजों के बिखराव के तरीके लिखो।

उ. 1. जानवरों के पूँछ एवं शरीर द्वारा बीजों का बिखराव होता है। जैसे – गोखुरू, बघनखा चिड़चिड़ा।

2. फली के फटने पर बीज बिखर जाते हैं।

3. पानी में बीज बहकर बिखर जाते हैं। जैसे नारियल।

4. हवा में उड़कर बीज बिखर जाते हैं, जैसे – सेमल, फुंड़हर, कपास।

5. मनुष्य द्वारा – पपीता, संतरा, बेर, सीताफल आदि के फल को खाकर फेंक देने से।

4. तालिका में फलों एवं बीजों के फैलने के तरीके दिए हैं। हरेक के पांच-पांच उदहारण लिखो।

उ.

| | **बीजों के फैलने का तरीका** | **बीजों के नाम** |
|---|---|---|
| 1 | हवा से बिखरने वाले | शीशम, मुनगा, फुंड़हर ,सेमल, बिनौला |
| 2 | पानी से | नारियल, कमल, तेंदू, अर्जुन, सागौन, लिली |
| 3 | पक्षियों से | जाम, भुट्टा, पीपल, बरगद, महुआ |
| 4 | इंसानों से | जामुन, सीताफल, बेर, आम, संतरा |
| 5 | छिटक कर | मटर, सरसों, मूंग, तिल, तुलसी, सेम आदि |

## पाठ – 26

## मिट्टी और पत्थर

### अंक-01

प्रश्न 01 सही विकल्प चुन कर लिखिए ।

(1) किस त्यौहार में मिटटी के बने खिलौने का उपयोग होता है?

1. पोला
2. होली
3. शिवरात्रि
4. हरेली

उत्तर- (1) पोला

(2) शादी-विवाह में मिटटी से सम्बंधित कौन-सी रस्म होती हैं?

(1) हल्दी

(2) मागर-माटी में

(3) संगीत

(4) मेंहदी

उत्तर- (2) मागर-माटी में

(3) कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाकर उसे आग में क्यों पकाता है?

1. सुन्दर बनाने के लिए
2. मजबूती के लिए
3. गर्म करने के लिए
4. रंग चढाने के लिए

उत्तर- (2) मजबूती के लिए

(4) किसान अच्छी फसल उगाने के लिए मिट्टी में क्या मिलाते हैं?

(1) रेतीली मिट्टी

(2) चिकनी मिट्टी

(3) खाद

(4) मुरूम

उत्तर- (3) खाद

प्रश्न (2) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक -2)

प्रश्न (1) मिट्टी का निर्माण किन चीजों से होता है?

उत्तर- मिट्टी का निर्माण पत्थर से होता है।

प्रश्न (2) खिलौने बनाने के लिए किस मिट्टी का उपयोग होता है?

उत्तर- खिलौने बनाने के लिए चिकनी मिट्टी का उपयोग किया जाता है।

प्रश्न (3) मिट्टी के उपजाऊ होने का क्या कारण है?

उत्तर- मिट्टी के उपजाऊ होने का कारण मरे हुए जीव-जंतु तथा सड़े-गले पौधे है।

प्रश्न (4) पत्थर कितने प्रकार के होते है?

उत्तर- पत्थर दो प्रकार के होते है:-

(क) कच्चा पत्थर

(ख) पक्का पत्थर

प्रश्न (2) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये:- (अंक- 3)

प्रश्न (1) मिट्टी कैसे बनती है?

उत्तर- चट्टानों के टूटने-फूटने से मिट्टी बनती है। सूरज कि गर्मी, हवा तथा वर्षा से चट्टानें टूटती हैं, जिससे मिट्टी बनती है।

प्रश्न (2) मिट्टी कि परतें कौन-कौन से रंग कि होती हैं?

उत्तर- कुछ गहराई पर लाल रंग कि मुरम, फिर पीली मिट्टी इसके बाद पत्थर और चट्टानें भी मिलती हैं।

प्रश्न (3) मिट्टी कितने प्रकार कि होती है?

उत्तर- मिट्टी तीन प्रकार कि होती है:-

1. चिकनी मिट्टी
2. दोमट मिट्टी
3. रेतीली मिट्टी

प्रश्न (4) बताईये कि कुम्हार किस मिट्टी से खिलौने और बर्तन बनाता है वह किस प्रकार का होता है?

उत्तर- कुम्हार जिस मिट्टी से खिलौने और बर्तन बनाता है वह चिकना होता है। चिकनी मिट्टी से खिलौने बनाए जाते हैं।

प्रश्न (4) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये:- (अंक- 4)

प्रश्न (1) कुम्हार के खिलौने कैसे बनाता है ?

उत्तर- कुम्हार मिट्टी के बर्तन चाक पर बनाता है, चाक चक्र जैसे होता है। खिलौने बनाने के लिए कुम्हार चिकनी मिट्टी का उपयोग करता है। सबसे पहले मिट्टी लाके कुम्हार उस मिट्टी से कंकड़, पत्थर, घास वगैरह अलग कर मिट्टी को साफ़ कर लेता है। फिर उसमे बूंद-बूंद पानी दाल कर ठीक वैसे ही गूँथ लेता है जैसे आटा गूंधते हैं। पानी इतना डालता है कि गोला बन जाए पर हाथ में ना चिपके। फिर चाक कि सहायता से जो भी आकृति देना है वो कुम्हार द्वारा हाथों कि सहायता से दे दिया जाता हैं।

प्रश्न (2) मिट्टी कितने प्रकार कि होती है तथा उसकी पहचान कैसे करोगे ?

उत्तर- मिट्टी तीन प्रकार के होते है :-

1. चिकनी मिट्टी
2. दोमट मिट्टी
3. रेतीली मिट्टी

(1) चिकनी मिट्टी – मिट्टी को जिस हद तक ढाला जा सकता है, उससे हमें मिट्टी के प्रकार का पता चलता है। जिस मिट्टी से पूरा वृत्त बन जाता है यह चिकनी मिट्टी है।

(2) दोमट मिट्टी- जिस मिट्टी से वृत्त बनाने से टूट जता है पर बेलन बन जाता है उसे दोमट मिट्टी कहते है।

(3) रेतीली मिट्टी – जिस मिट्टी से ना ही गेंद बनता और ना ही बेलन बनता वो रेतीली मिट्टी है।

प्रश्न(3) मिट्टी के परत का नामाकित चित्र बनाईये।

उत्तर-



प्रश्न(4) निम्न प्रश्नों के आधार पर उत्तर लिखिये।

(अ) मिट्टी कैसी दिखती है? बारीक ढेले वाली या चूर्ण।

(आ) इसका रंग कैसा होता है?

(इ) छूने व दबाने पर मिट्टी कैसी होती है?

(ई) मिट्टी सूंघने पर कैसी होती है?

(उ) क्या मिट्टी में जीव या पौधों के सड़े हुए भाग मिलते हैं?

उत्तर – (अ) मिट्टी बारीक़ ढेले वाली होती है।

(आ) इसका रंग काला, मटमैला होता है।

(इ) छूने या दबाने से मिट्टी कठोर लगती है।

(ई) पानी पड़ने पर मिट्टी सूंघने में सौंधी-सौंधी खुशबू आती है।

(उ) हाँ मिट्टी में जीव या पौधों के सड़े हुए भाग मिलते है।

## पाठ – 27

## छत्तीसगढ़ का सपूत

प्रश्न(1) सही विकल्प चुन कर लिखिए :- ( अंक-01)

प्र.(1) शहीद वीरनारायण सिंह के पिता का क्या नाम था ?

1. रामा राय

2. राम सहाय

3. राम राय

4. राम राज

उत्तर – (2) राम राय

प्र.(2) सोना खान छत्तीसगढ़ के किस जिले में आता है ?

1. रायपुर

2. बलौदा बाजार

3. बिलासपुर

4. नारायणपुर

उत्तर – (2) बलौदा बाजार

प्र. (3) शहीद वीरनारायण सिंह को कौन-सी सजा सुनाई गयी ?

1. गोली मार कर

2. नजर बंद

3. फाँसी

4. कालापानी

उत्तर – (3) फाँसी

प्र. (4) शहीद वीरनारायण सिंह ने अनाज क्यों लूटा ?

1. बच्चों को खिलाने के लिए

2. घर ले जाने के लिए

3. भूखे, गरीबों को बाँटने के लिए

4. खुद खाने के लिए

उत्तर – (3) भूखे गरीबो को बाँटने के लिए ।

प्रश्न (2) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

प्र. (1) शहीद वीर नारायण सिंह कहाँ के रहने वाले थे ?

उत्तर- शहीद वीर नारायण सिंह बलौदा जिले के सोनाखान गावं के रहने वाले थे।

प्र. (2) गद्दार लोगों ने अंग्रेजो की मदद नहीं कीहोती तो क्या होता ?

उत्तर - गद्दार लोगों ने अंग्रेजो की मदद नहीं की होती तो शहीद वीर नारायण सिंह की जीत होती और उसे बंदी नहीं बनाया जाता।

प्र. (3) व्यापारी ने अनाज देने से क्यों मना किया ?

उत्तर – अंग्रेज अफसर के भय से व्यापारी ने अनाज देने से मना किया।

प्र. (4) शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस कब मनाया जाता है ?

उत्तर – शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस 10 दिसंबर को मनाया जाता है।

प्र. (5) शहीद वीरनारायण सिंह का जीवन परिचय संक्षिप्त में दीजिये।

उत्तर – शहीद वीर नारायण सिहं के पिता का नाम राम राय था। वो सोना खान के जमींदार थे। सोनाखान महानदी के किनारे बसी एक रियासत थी। रामराय निर्भीक, दयालु व परोपकारी थे तथा अपनी प्रजा में लोकप्रिय थे, जिससे कुछ जमीदार नाखुश थे।

वीर नारायण सिंह का जन्म आज से लगभग 200 साल पहले हुआ था। पिता कि मृत्यु के बाद इन्होंने रियासत की जिम्मेदारी संभाली।

वो भी अपने पिता कि तरह न्यायप्रिय थे। अन्य जमींदारों को यह बात चुभती थी।

प्र. (6) जनता कि ख़ुशी के लिए वीर नारायण सिंह ने क्या-क्या प्रयास किया ?

उत्तर – वीर नारायण सिंह ने अपनी जनता को खुश करने के लिए भरसक प्रयास किये। जैसे – अकाल के समय भुखमरी का शिकार हो रहे लोगों की प्राणों कि रक्षा के लिए व्यापारी के गोदाम का ताला तुड़वा कर अनाज लोगों में बाट दिया।

प्र. (7) शहीद वीर नारायण को फांसी कि सजा सुनाने के पीछे क्या कारण था ?

उत्तर – वीर नारायण सिंह से अंग्रेजो को पराजित न होना पड़े। इसलिए उन्हें बंदी बना लिया गया। उन पर राज द्रोह का मुकदमा चलाकर फाँसी कि सजा दी गई।

प्र. (8) छत्तीसगढ़ के वीर सपूतो के नाम लिखिए।

उत्तर – छत्तीसगढ़ के वीर सपूतो के नाम – गुन्दधुर (बस्तर), डॉ.खूबचंद बघेल, हनुमान सिंह (मेग्जिन लस्कर), परशुराम सोनी, सुधीर मुखर्जी, मंगल मिस्त्री, सूर बंधू, गेंद सिंह (राजिम नयापारा) आदि।

प्र. (9) अंग्रेजो ने शहीद वीर नारायण सिंह को जेल में क्यों दाल दिया ?

उत्तर – वीरनारायण सिंह ने व्यापारी के गोदाम का ताला तुड़वाकर अनाज लोगों में बाँट दिया। इस बात कि शिकायत व्यापारी ने अंग्रेज अफसर से कर दी। इस कारण अंग्रजों ने वीर नारायण सिह पर डकैत का आरोप लगाकर जेल में दाल दिया।

## पाठ – 28

## पंजाब

प्रश्न (1) सही विकल्प चुनकर लिखिए :- (अंक-01)

(1) पंजाब में गाय दूध देती है ?

(1) 10-12 लीटर

(2) 8-10 लीटर

(3) 12-14 लीटर

(4) 14-16 लीटर

उत्तर- (1) 10-12 लीटर

(2) पंजाब के कौन से स्थान में खेल के सामग्री बनते है ?

(1) अमृतसर

(2) चंडीगढ़

(3) भटिंडा

(4) जालंधर

उत्तर- (4) जालंधर

(3) पंजाब का प्रसिद्ध मंदिर है ?

(1) जगन्नाथ मंदिर

(2) वैष्णों देवी मंदिर

(3) स्वर्ण मंदिर

(4) सोमनाथ मंदिर

उत्तर- (3) स्वर्ण मंदिर

(4) पंजाब के किसानों का क्या पहनावा है ?

(1) धोती और कुर्ता

(2) लुंगी और कुर्ता

(3)धोती और कमीज

(4) लुंगी कमीज

उत्तर- (2) लुंगी और कुर्ता

प्रश्न(2) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ( अंक- 02)

(1) सिक्खों का प्रमुख ग्रन्थ कौन-सा हैं ?

उत्तर- सिक्खों का प्रमुख ग्रन्थ श्री गुरु ग्रन्थ साहिब हैं।

(2) पंजाब में कौन – कौन सी फसलें अधिक होती हैं ?

उत्तर- पंजाब में गेहूँ, कपास और गन्ना कि फसलें अधिक होती हैं।

(3) जालंधर किन नदियों के बीच बसा है ?

उत्तर- जालंधर व्यास और सतलज नदी के बीच बसा है।

(4) पंजाब का सबसे बड़ा शहर कौन सा है ?

उत्तर- पंजाब का सबसे बड़ा शहर लुधियाना है। यहाँ बड़े-बड़े कारखाने लगे है।

प्रश्न(3) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक- 03)

(1) अमृतसर के प्रसिद्ध होने का क्या कारण है ?

उत्तर- अमृतसर में सोने से बना स्वर्ण मंदिर प्रसिद्ध है। यहाँ एक सुन्दर चौकोर सरोवर के बीच सूरज की रौशनी में जगमगाता यह मंदिर बना है। स्वर्ण मंदिर सिक्खों का प्रमुख तीर्थस्थल है।

(2) पंजाब के गाय भैस के ज्यादा दूध देने का क्या कारण हैं ?

उत्तर- यहाँ खेतो में सालभर हरा चारा (कांदी) होता है। धान, गेहूँ का भूसा मिलता है तथा कपास के बीजों खली बहुत पौष्टिक होती है। इन सब कारणों से पंजाब कि गाय-भैस ज्यादा दूध देती हैं।

(3) पंजाब में कौन-कौन सी तीन नदियाँ बहती हैं ?

उत्तर- पंजाब में निम्न तीन नदिया बहती है :-

1. चेनाब नदी

2. सतलज नदी

3. व्यास नदी

(4) खाली स्थान कि पूर्ति कीजिये :-

(1) पंजाब में गाय व भैस ____________ कि खली और भूसा खिलाया जाता है। जबकि हमारे यहाँ उन्हें ______________ खिलाया जाता है।

(2) पंजाब में गाय, भैस रोज लगभग _______________ लीटर दूध देती हैं।

उत्तर- (1) कपास के बीज की खली (2) पैरा (3) 10-12 लीटर

प्रश्न (4) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक- 05 )

(1) पंजाब में दूध कि नदियाँ बहती हैं ऐसा क्यों कहाँ जाता हैं ?

उत्तर- पंजाब और उसका पडोसी राज्य हरियाणा अच्छी नस्ल कि गाय व भैस के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध हैं। यहाँ कि गाय व भैंस मोटी-तगड़ी होती हैं और खूब दूध देती हैं। एक दिन में 10-12 लीटर दूध एक भैंस से मिलना , यहाँ के लिए आम बात है। दूध इतना गाढ़ा होता है कि उससे बहुत मलाई निकलती हैं जिससे मक्खन और घी भी ज्यादा बनता है। घर के उपयोग के बाद इतना सारा दूध रोज होता है कि लोग इसे डेरी में बेच देते हैं।

(2) पंजाब कि खेती अच्छी होती है कारण बताईये ?

उत्तर- पंजाब कि खेतीं अच्छा होने का कारण निम्न लिखित है :-

(1) यहाँ की मैदानी मिट्टी बहुत उपजाऊ है।

(2) यहाँ सिचाई कि पूरी सुविधा है।

(3) सतलज नदी पर बने बाँध का पानी नहरों द्वारा गाँव-गाँव तक पहुचाया जाता है।

(4) यहाँ के नहरों में इतना पानी रहता है कि ये नदी जैसे लगती हैं।

(5) बाँध से बिजली भी बनायी जाती है जो गाँव-गाँव पहुंचती है।

(3) नई तकनीक द्वारा खेती करने से क्या नुक्सान है ?

उत्तर- नई तकनीक द्वारा खेती करने पर पानी अधिक लगता है, जिसके कारण कहीं – कहीं दलदल बन जाते हैं। कीटनाशक दवा का उपयोग अधिक होने के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति घटती जा रही है। पीने के पानी, मछली, अनाज, सब्जी आदि पर इसका बुरा असर हो रहा है। पशु-पक्षी तथा मनुष्यों के स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है।

(4) निम्न लिखित को नक़्शे में भरिये :- (कोई -5)

राजस्थान राज्य , हरियाणा राज्य , हिमाचल प्रदेश , चेनाब नदी , व्यास नदी , सतलज नदी।



## अध्याय 29

## छत्तीसगढ़ के लोक शिल्प

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-

1. धातुओं को पिघलाकर सांचों की मदद से बनाई आकृति को क्या कहते हैं?

a. मटका शिल्प

b. घड़वा शिल्प

c. लोटा शिल्प

d. कलश शिल्प

उ . b .घड़वा शिल्प

2. छत्तीसगढ़ में शादी ब्याह में इनमें से कौन-सी शिल्प कला का उपयोग करते हैं?

a. दीप स्तम्भ

b. हंसिया

c. मोर मुकुट

d. देव झूला

उ . c .मोर मुकुट

3. शिल्पकला को बढ़ावा देना क्यों आवश्यक है?

a. क्योंकि यह कला विदेशों में भी हमारी पहचान बनाती है।

b. यह आसानी से तैयार हो जाती है।

c. शिल्पकार के पास बहुत समय रहता है।

d. इससे शासन को अधिक लाभ है।

उ . a .क्योंकि यह कला विदेशों में भी हमारी पहचान बनाती है

4. निम्न में से एक अलग प्रकार के शिल्प है?

a. देव झूला

b. मुठिया

c. पीढ़े

d. झारी

उ . d .झारी

प्र. 2 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. छत्तीसगढ़ में किनकी गृहसज्जा शैली प्रसिद्ध है?

उ. छत्तीसगढ़ में अजंता की कलाकृति गृहसज्जा शैली प्रसिद्ध है।

2. वस्तुओं को कलात्मक बनाने के लिए क्या कारीगरी की जाती है? उदहारण देकर समझाइए।

उ. वस्तुओं को कलात्मक बनाने के लिए उनमें शिल्पकारी की जाती है। जैसे – उसमें बेल-बूटे, फूल-पत्ती, पक्षी एवं जानवरों की आकृति देकर रंग सज्जा करते हैं।

प्र.3 लकड़ी से बनी कलाकृति व उनके उपयोग लिखिए?

उ.

| **लकड़ी से बनी कलाकृति का नाम** | **उपयोग** |
|---|---|
| लकड़ी के पीढ़े | बैठने के लिए |
| देव झूला | मूर्तियों को रखकर झुलाते हैं |

प्र.4 कलाकृतियों को बनाने में कितना समय लगता है?

उ. इन चीजों को बनाने में परिवार के लोगों का सहयोग रहता है। 10 या 12 घंटे का समय इन्हें बनाने में लगता है।

प्र. 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. मृदा शिल्प से निर्मित चीजों पर क्या-क्या चित्र बनाए जाते हैं?

उ. नंदी बैल, ग्वालिन, लक्ष्मी जी, सीताफल की आकृति का गुल्लक, मुखौटा, लैम्प, झाड़फानूस आदि चित्र बनाये जाते हैं।

मिलान करो-

1. देव प्रतिमा, दीप स्तम्भ - बॉस शिल्प

2. झांपी मोर - काष्ठ शिल्प

3. देव झूला, मूर्तियाँ, पीढ़े - मृदा शिल्प

उत्तर -

1. मृदा शिल्प

2. बांस शिल्प

3. काष्ठ शिल्प

3. बांस से बनी वस्तु के नाम व उनके उपयोग लिखिए-

उ.

| **क्र.** | **बांस से बनी वस्तुएं** | **उपयोग** |
|---|---|---|
| 1 | बांसुरी | गीत का स्वर बजाने में |
| 2 | झाड़ू | कचरा साफ़ करने में |
| 3 | सोफे | बैठने के लिए |

4. छत्तीसगढ़ की कलाकृतियों की क्या विशेषता है?

उ. छत्तीसगढ़ के कलाकार, मिट्टी, बांस, पीतल, लोहा, लकड़ी आदि से विभिन्न प्रकार की आकर्षक वस्तुएं बनाते हैं। इन्हें विशेष आकृतियाँ देकर उनमें रंग-सज्जा, बेल-बूटे, फूल-पट्टी एवं जानवर आदि उकेर कर आकर्षक बनाया जाता है। इनके द्वारा बनाई गयी चीजें ऊंचे दामों पर बिकती हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के शिल्प कला की पहचान देश-विदेश में है।

प्र. 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. काष्ठ शिल्प क्या है?

उ. लकड़ी को गढ़कर विभिन्न चीजें बनाना बस्तर अंचल की प्रसिद्ध कला है। बस्तर अंचल में चाकू, हंसिया, खेती के औजारों के मूंठ, लकड़ी के पीढ़े तथा सजावट की सभी चीजों में नक्काशी अत्यंत कलात्मक होती है। घरों के नक्काशीदार स्तम्भ व दरवाजे, मंदिरों के खम्भे आदि काष्ठ शिल्प के अद्भुत नमूने हैं। साथ ही लोक नृत्यों में उपयोग किये जाने वाले लकड़ी के मुखौटे भी बहुत कलात्मक होते हैं।

2. रजवार भित्ति शिल्प की क्या विशेषता है?

उ. रजवारों की गृहसज्जा शैली अद्भुत है। घर की खिड़कियों और बरामदे के लिए सुन्दर जालियां बनाई जाती हैं। इनके अलावा  दीप, सर्प, पशु-पक्षी आदि की कलाकृतियाँ भी बनाई जाती हैं। सफ़ेद मिट्टी और स्थानीय रंगों से कलाकृतियों को जीवंत किया जाता है।

3. धातुओं से बनी शिल्पकरी के नाम लिखिए व चित्र बनाइये।

उ. धातुओं से बनी शिल्प घड़वा शिल्प के नाम से जानी जाती है।





घड़वा शिल्प

4. विभिन्न शिल्पकारों द्वारा बनाई गयी सुन्दर वस्तुओं की जानकरी एकत्र कर तालिका में लिखिए।

उ.

| **क्र.** | **वस्तु का नाम** | **किससे बनी है** | **कलात्मक बनाने के लिए क्या किया गया है** | **उपयोग** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गमला | मिट्टी | फूल-पत्ती की आकृति देकर रंग सज्जा किया गया है। | पौधे लगाने में |
| 2 | टोकरी | बांस | रंग सज्जा करने में | समान रखने में |
| 3 | दीवान | लकड़ी | बस्तर की कलाकृतियाँ उकेरी जाती हैं | सोने के लिए |
| 4 | त्रिशूल | लोहा | त्रिशूल की आकृति | पूजा के लिए |
| 5 | मूर्ति | पीतल | पिघलाकर सांचे की मदद से | पूजा के लिए |

## पाठ – 30

## कंप्यूटर के कमाल

प्रश्न (1) सही विकल्प चुनकर लिखिए :- (अंक – 01)

प्र. (1) निम्न में से कंप्यूटर को चलाने के लिए क्या आवश्यक है?

1. मॉनिटर
2. सी.पी.यू.
3. कि बोर्ड
4. सी.डी.

उत्तर – (2) सी.पी.यू.

प्र. (2) कंप्यूटर में प्रिंटर का उपयोग किया जाता हैं ?

1. लिखी हुई सामग्री को प्रिंट के लिए
2. टायपिंग करने के लिए
3. गाना सुनने के लिए
4. कंप्यूटर चालू करने के लिए

उत्तर – (1) लिखी हुई सामग्री को प्रिंट के लिए

प्र. (3) स्पीकर का क्या कार्य होता है ?

1. छापना
2. दिखाना
3. सुनना
4. टाईप करना

उत्तर – (3) सुनना

प्र. (4) मेल एकाउंट खोलने के लिए किस प्रकार के अक्षर का प्रयोग किया जाता है ?

1. अंग्रेजी के बड़े अक्षर का

2. अंग्रेजी के छोटे अक्षर का

3. अंग्रेजी के छोटे व बड़े अक्षर का

4. किसी भी भाषा के अक्षर का

उत्तर- (2) अंग्रेजी के छोटे अक्षर का

प्रश्न (2) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक -02)

प्र. (1) कंप्यूटर का दिमाग किसे कहते है ?

उत्तर- कंप्यूटर का दिमाग सी.पी.यू. को कहते है।

प्र. (2) यदि आपको किसी हिल स्टेशन घूमने जाना है, तो वहां के बारे में विस्तृत व सही जानकारी प्राप्त करने का सबसे उपयुक्त साधन क्या होगा ?

उत्तर – यदि मुझे किसी हिल स्टेशन घुमने जाना है, तो वहां के बारे में विस्तृत व सही जानकारी प्राप्त करने का सबसे उपयुक्त साधन इंटरनेट होगा।

प्र. (3) तुम अपना ई -मेल आई.डी. बनाओ।

उत्तर – seema@yahoo.com

poonam@gmail.com

प्र. (4) माउस के क्या कार्य है ?

उत्तर – एक चूहे जैसा होने के कारण इसको अंग्रजी में माउस कहते है। यह कम्प्यूटर का काम करते समय काफी मदद करता है।

प्रश्न (2) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक – 03 )

प्र. (1) कंप्यूटर के कार्यो कि सूची बनाईये।


उत्तर – कंप्यूटर के कार्य अलग -अलग स्थानों में अलग- अलग होता है। जैसे – कार्यालय में फ़ाइल का रिकार्ड रखना व बिल बनाने में किया जाता है विद्यालय में छात्रों का रिकार्ड रखने में व परीक्षा परिणाम तैयार करने में, बैंको में खातों का रिकार्ड रखना, पैसा जमा करना और निकालने का हिसाब रखने में किया जाता है।

प्र. (2) कि-बोर्ड का कार्य क्या है ?

उत्तर -  कि-बोर्ड एक इनपुट डिवाइस है। इसके माध्यम से हम सी.पी.यू. को सूचना भेजते है। कि-बोर्ड से कई चिट्ठिया टाईप कि जा सकती है। इससे अक्षरों को छोटा या बड़ा लिखा जा सकता है। कोई भी डाटा इनपुट कर सकते है। इसमें संकेत भी होते हैं।

प्र. (3)  कंप्यूटर के मुख्य भागों के नाम लिखिए तथा किसी एक का चित्र बनाइये ?

उत्तर – कंप्यूटर के विभिन्न भागों के नाम – कि-बोर्ड ,माउस, सी.पी.यू., स्कैनर, प्रिंटर, डिस्क, स्पीकर है।



माउस

प्र. (4)  ई-मेल आई.डी. बनाते समय किन-किन बातो का ध्यान रखना चाहिए?

उत्तर – जब भी ई-मेल आई.डी. बनाते है तो निम्न बातों का हमें ध्यान रखना चाहिए :-

`ई-मेल का पता अंग्रेजी के छोटे अक्षरों में लिखेंगे।

इसके बाद कि-बोर्ड कि मदद से बिना जगह छोड़े @ का निशान लगायेंगे।

इसके बाद पते में yahoo लिखेंगे जो एजेंसी चिट्टी पहुचाने का काम करती है।

प्रश्न (04) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक -05 )

प्र. (1)  दफ्तरों में कंप्यूटर का क्या असर हुआ है ? पता करो।

उत्तर – कंप्यूटर का दफ्तरों के काम में बहुत असर हुआ है। अब समय कि बचत होती है तथा गलतियों कि संभावना नहीं रहती तथा फ़ाइल खोजने व सम्हालने का झंझट नहीं रहता, कंप्यूटर की मदद से सारे रिकार्ड को सुरक्षित रखना आसान हो गया है और जिस रिकार्ड कि आवश्यकता होती है वह रिकार्ड कंप्यूटर तुरंत उपलब्ध करा देता है। इस तरह कंप्यूटर के कार्य कि गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है, समय कि भी बचत होती है और गलतियां भी नहीं होतीं।

प्र. (2)  कंप्यूटर से ई-मेल कैसे किया जाता है संक्षेप में लिखिए ?

उत्तर – यदि पत्र भेजना है तो उसे कंप्यूटर में टाईप किया जाता है। फिर उसे जिसके पास पत्र भेजना हो उसका इमेल पता टाईप करके भेज देते है। कुछ ही देर में उसका जवाब मिल जाता है। बच्चे अपना परीक्षा परिणाम जानने के लिए अपना नाम, रोल नंबर, केद्र का नाम, कक्षा का बटन दबाते है फिर परीक्षा परिणाम, प्राप्तक, प्रतिशत, श्रेणी मालूम चल जाता है।

प्र. (3)  कंप्यूटर के विभिन्न उपकरणों के नाम लिख कर किसी एक उपकरण के उपयोग लिखिए तथा चित्र बनाईये।

उत्तर – कंप्यूटर के उपकरण निम्न लिखित है :-

1. मानिटर
2. कि-बोर्ड
3. माउस
4. सी.पी.यू.
5. प्रिंटर
6. स्पीकर

(1) सी.पी.यू.- मानिटर से जुदा हुआ एक भाग होता है जहां से बटन दबाकर कंप्यूटर को चालु किया जाता है। इसे कंप्यूटर का दिमाग भी कहते है। कंप्यूटर में माउस व की-बोर्ड से भेजी सूचनाओं पर कार्य यहीं होता है।



प्र. (4) कंप्यूटर की मदद से चित्र भी बनाए जाते है पता करो कैसे।

उत्तर – कंप्यूटर में पेंट्स का एक प्रोग्राम होता है उसमें जा कर हम विभिन्न टूल्स का उपयोग करके चित्र बना सकते हैं। इसे ब्रश भी कहते है, पेन भी होता है, कलर्स भी होते है इन सभी कि सहायता लेकर हम कंप्यूटर पर चित्र बनाते है, फोटो शाप, कोरल, आदि सॉफ्टवेयर भी चित्र बनाने में मदद करते हैं।

## पाठ- 31

## आपदा प्रबंधन

प्रश्न (1)  सही विकल्प चुनक्र लिखिए :- (अंक – 01)

प्र. (1)   प्राकृतिक आपदा के समय मदद करने वाली संस्था है ?

1. राष्ट्रिय केदार कोर NSS
2. राष्ट्रिय केदार कोर NCC
3. संजीवनी एक्सप्रेस
4. रेडक्रॉस सोसायटी

उत्तर – (4) रेडक्रॉस सोसायटी

प्र. (2)   WHO का पूरा नाम क्या है ?

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन
2. विश्व एड्स संगठन
3. विश्व परिवार नियंत्रण संगठन
4. विश्व महामारी नियंत्रण

उत्तर – (1) विश्व स्वास्थ्य संगठन

प्र. (3) प्राकृतिक आपदा का उदाहरण है ?

1. बारिश
2. सर्दी
3. गर्मी
4. सूखा

उत्तर- (4) सूखा

प्र. (4) भूकंप कि तीव्रता को किससे नापते है ?

1. स्टेमोस्कोप

2. सिस्मोग्रफ

3. स्टकेगनोमिटर

4. थर्मामीटर

उत्तर – (2) सिस्मोग्राफ

प्रश्न (2) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक – 02)

प्र. (1) बाढ़ के पानी के साथ आई मिट्टी मैदानी भाग को क्या करती है ?

उत्तर – बाढ़ के पानी के साथ आई मिट्टी मैदानी भाग को उपजाऊ बनाती है ।

प्र. (2) प्राकृतिक आपदा किसे कहते है ?

उत्तर- भूकंप, बाढ़, सूखा आदि घटनाएं अचानक होती है, इस पर मनुष्य का कोई नियंत्रण नहीं होता । इन्हें "प्राकृतिक आपदाएं" कहा जाता है ।

प्र. (3) जिस तरह अधिक वर्षा से बाढ़ आती है वैसे ही कम वर्षा होने पर क्या होता हैं ?

उत्तर – किसी स्थान में अधिक समय तक वर्षा न होने के कारण वहाँ फसल पैदा नहीं की जा सकती है । नदियों, तालाबों, कुआ में पानी बहुत कम हो जाता है । ऐसी स्थिति को सूखा पड़ना कहा जाता है ।

प्र. (4) विश्व स्वस्थ संगठन (WHO) के क्या कार्य है ?

उत्तर- विश्व स्वस्थ संगठन (WHO) संस्था के द्वारा प्रभावित क्षेत्रो में स्वस्थ्य सम्बन्धी सुविधाए जैसे – दवाईयां आदि पहुचाई जाती है ।

प्रश्न (3) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक –03)

प्र. (1) यदि भूकंप आ जाए तो क्या करना चाहिए ?

उत्तर – (1) कहीं खुली जगह में चले जाना चाहिए।

(2) किसी ऊँची वस्तु जैसे मेज आदि के नीचे बैठ जाना चाहिए ।

(3) किसी पेड़ के नीचे या बिजली खम्बे के पास खड़ा नहीं होना चाहिए ।

प्र.(2) बाढ़ आ जाये तो इसके प्रभाव को कैसे कम किया जा सकता है ?

उत्तर – बाढ़ के प्रभाव को कम करने उपाय निम्न है --

(1) लोगों को खतरे कि सूचना तुरंत देकर ।

(2) लोगों को सुरक्षित स्थान में ले जा कर ।

(3) लोगों को अन्य जगहों पर रहने, खाने, दवाई का प्रबंध करवा कर ।

प्र. (3) क्या सुखा पड़ने को किसी तरह कम किया जा सकता है ?

उत्तर- यदि अधिक पेड़ लगाएँ जाएँ तो हरियाली बढ़ेगी, वायु में नमी कि मात्र भी बढ़ेगी जिससे वर्षा होने लगेगी । वर्षा के पानी का भूमि में संग्रह किया जाय तो भूमिगत पानी की सतह ऊँची की जा सकती हैं ।

प्र. (4) भूकंप कि तीव्रता को किससे मापा जता हैं ?

उत्तर – भूकंप के झटकों कि तीव्रता को मापा जा सकता है । भूकंप के झटकों कि तीव्रता को सिस्मोग्राफ द्वारा मापा जा सकता है । भूकंप के झटकों कि तीव्रता रेक्टर (इकाई) स्केल पर मापी जाती है ।

प्रश्न (4) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (अंक- 05)

प्र. (1) बाढ़ आने पर क्या-क्या होता है ?

उत्तर- बाढ़ आने पर आस-पास के क्षेत्रों में पानी भर जाता है । पानी घरों के अन्दर पहुँच जाता है । पानी के तेज बहाव से मकान में दरारे आ जाती है और मकान गिर जाते हैं । हमारी फसले नष्ट हो जाती है यानि जान-माल की बहुत हानि होती है । सारा जन जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है । कई दिनों तक जगह-जगह पानी जमा होने से गन्दगी हो जाती है जिससे इन जगहों पर बहुत सी बीमारियाँ फैल जाती है जैसे- मलेरिया, डेंगू आदि ।

प्र. (2) सूखा पड़ने के क्या कारण हो सकते है ?

उत्तर – ज्यादातर सूखा उन स्थानों पर पड़ता है जहां जल के प्राकृतिक स्त्रोत कम होते हैं । यदि कोई जगह जल के स्त्रोत से दूर हो तो वहाँ पहुँचते वायु में नमी बहुत कम हो जाती है । इस तरह उन स्थानों पर या तो वर्षा बहुत कम होती है या बिल्कुल नहीं होती । किसी स्थान पर जंगलों के लगातार काटने पर भी वर्षा कम होती है । इस कारण सूखा पड़ता है।

प्र. (3) बाढ़ क्यों आती हैं?

उत्तर – किसी जगह पर बाढ़ आने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं । यदि किसी क्षेत्र में भारी वर्षा होती है तब वहाँ नदियों में पानी मात्रा बढ़ जाती है जिससे नदियों का पानी आस-पास के क्षेत्र में फैल जाता है । कभी-कभी भारी वर्षा से नदियों में बने बाँध के टूटने से भी बाढ़ आ जाती है । तटीय भागों में वायु के दबाव में परिवर्तन होता रहता है, इस परिवर्तन के कारण समुद्र में तूफ़ान आते हैं और तटीय भागों में बाढ़ आ जाती है ।

प्र. (4) प्राकृतिक आपदा के समय पूरा विश्व किस तरह सहायता करता है ?

उत्तर- प्राकृतिक आपदा के समय पूरा विश्व किसी न किसी रूप में सहायता करता है ,जैसे –

रेडक्रॉस सोसायटी – यह एक स्वयं सेवी संस्थान है। यह लोगो को चिकित्सा सुविधा, पुनर्वास के लिए धन देती है ।

विश्व स्वास्थ्य संगठन – इस संस्था के द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सम्बंधित सुविधाएँ पहुंचाई जाती है ।

डॉक्टर, पुलिस, सूचना प्रसारण तंत्र, दमकल विभाग की जिम्मेदारी बहुत ही महत्वपूर्ण होती है ।

## पाठ – 32

## राजू की कहानी

प्रश्न (1) सही विकल्प चुनकर लिखिए :-

प्र.(1) यदि आपको किसी के साथ असहज महसूस हो तो आप क्या करेंगे ?

1. अपने माता पिता एवं शिक्षक को बताएंगे
2. कोई ध्यान नहीं देगें
3. शिक्षक को बयएगे
4. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर – (1) अपने माता पिता एवं शिक्षक को बताएँगे

प्र. (2) आपके विचार से राजू को अलग तरीके से छूने पर क्या करना चाहिए ?

1. अपने किसी भरोसेमंद को यह सब बताना था
2. यह सब बंद होने कि उम्मीद करता
3. उसे यह सब अपने माता-पिता को बताना चाहिए
4. इनमें से कोई नहीं

उत्तर – (3) उसे यह सब अपने माता-पिता को बताना चाहिए

प्र. (3) राजू कब खुश होता हैं ?

1. जब अलक उसे छूता है
2. जब वह अपने परिवार के साथ होता है
3. जबी अलक उसके घर आटा है
4. जब वह दिसती के साथ खेलता है

उत्तर – (2) जब वह अपने परिवार के साथ होता है

प्र. (4) राजू अपने माता पिता को इस बारे में क्यों नहीं बताता है ?

1. उसे यह अच्छा लगता है

2. वह बहुत डारा हुआ है

3. उसे कोई फर्क नहीं पड़ता

4. इनमे से कोई नहीं

उत्तर – (2) वह बहुत डरा हुआ था

प्रश्न(1) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

प्र. (1) यदि आपको अपनी सुरक्षा कि चिंता है तो आप क्या करोगे ?

उत्तर – यदि आप अपनी सुरक्षा के बारे में चिंतित है तो आप इन नंबरों पर शिकायत कर सकते है :-

राष्ट्रिय पुलिस – 100

बाल सहायता हेतु – 1098

प्र.(2) यदि कोई आपके प्राइवेट अंगों को छूता है तो आप क्या करोगे ?

उत्तर – यदि कोई आपके प्राइवेट अंगों को छूता है तो आप उसे तुरंत मना करें मदद के लिए जोर से आवाज लगाएँ या फिर वहाँ से भाग जाएँ ।

# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता







